खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

मुरादाबाद, शुक्रवार 15 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 1 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 20 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## अवकाश सूचना

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 17 अगस्त 2025 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

## पाकिस्तान याद रखे, किसी भी दुस्साहस का परिणाम दर्दनाक होता है: भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तानी नेताओं को जुबान पर कंट्रोल रखने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि पाकिस्तानी नेता भारत के खिलाफ गैर-जिम्मेदार, युद्ध भड़काने वाले और नफरत फैलाने वाले बयान दे रहे हैं। जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तानी नेता अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए बार-बार ऐसे बयान देते हैं। उन्हें अपनी जुबान पर कंट्रोल रखना चाहिए, क्योंकि अगर उन्होंने कोई गलत कदम उठाया तो उसका नतीजा बहुत बुरा होगा। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तानी नेतृत्व द्वारा भारत के विरुद्ध लगातार जारी लापरवाह, युद्ध भड़काने और घृणास्पद टिप्पणियों की खबरें देखी हैं। अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए बार-बार भारत-विरोधी बयानबाज़ी करना पाकिस्तानी नेतृत्व का जाना-माना तरीका है।

# किश्तवाड़ में बादल फटा, 42 मरे

## 28 लोगों के शव बरामद, 65 को बचाया, करीब 200 श्रद्धालु अभी लापता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ के चशोटी गांव में गुरुवार दोपहर 12.30 बजे बादल फटा। कई लोग पहाड़ से आए पानी और मलबे की चपेट में आ गए। हादसे में 42 लोगों की मौत हो गई है। इनके 28 शव भी मिल गए हैं। अब तक 65 लोगों को बचाया गया है। करीब 200 लोग लापता हैं।

हादसा उस समय हुआ जब हजारों श्रद्धालु मचौल माता यात्रा के लिए किश्तवाड़ में पड्डर सब-डिवीजन में चशोटी गांव पहुंचे थे। यह यात्रा का पहला पड़ाव है। बादल वहीं फटा है, जहां से यात्रा शुरू होने वाली थी। यहां श्रद्धालुओं की बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें थीं। सभी बाढ़ के पानी में बह गए। मचौल माता तीर्थयात्रा हर साल अगस्त में होती है। इसमें हजारों श्रद्धालु आते हैं। यह 25 जुलाई से 5 सितम्बर तक चलेगी। यह रूट जम्मू से किश्तवाड़ तक 210 किमी लंबा है और इसमें पड्डर से चशोटी तक 19.5 किमी की सड़क पर गाड़ियां जा सकती हैं। उसके बाद 8.5 किमी की पैदल यात्रा होती है। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीमें बचाव में जुटी हैं। विपक्ष के नेता सुनील कुमार शर्मा और स्थानीय विधायक ने घटनास्थल का दौरा किया है और राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन प्रशासन स्थिति का जायजा लेने में जुटा हुआ है। केंद्रीय राज्य मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के नेता प्रतिपक्ष और स्थानीय विधायक सुनील कुमार शर्मा से तत्काल संदेश मिलने के बाद अभी-अभी किश्तवाड़ के उपायुक्त पंकज कुमार शर्मा से बात की। चशोटी क्षेत्र में भीषण बादल फटा है, जिससे बड़ी जनहानि हुई है। प्रशासन तुरंत कार्रवाई में जुट गया है, बचाव दल घटनास्थल के लिए रवाना हो गया है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।



- चशोटी गांव में मचौल माता की धार्मिक यात्रा के लिए पहुंचे कई लोग बहे
- बादल वहीं फटा, जहां से मचौल माता की यात्रा शुरू होने वाली थी, घटना के बाद यात्रा रद्द

## पीएम मोदी ने दिया हर संभव मदद का भरोसा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में बादल फटने से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। जरूरतमंद लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने और बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं हैं। स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। बचाव और राहत अभियान जारी है। उधर गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि किश्तवाड़ जिले में बादल फटने की घटना को लेकर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बातचीत की। स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है।

## पहलगाम जैसे हमलों को अनदेखा नहीं कर सकते: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्ण राज्य का दर्जा दोबारा बहाल करने के मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार से आठ हफ्तों के अंदर लिखित जवाब मांगा है। कोर्ट ने अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले का भी जिक्र किया।

सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की जमीनी हकीकत और पहलगाम जैसी आतंकी घटनाओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता। दरअसल, 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश बनाया था।

- जम्मू-कश्मीर को दोबारा राज्य बनाने का मामला, कोर्ट ने केंद्र सरकार से आठ हफ्तों में जवाब मांगा










# लापता युवक का शव गटर में मिला

## मोहल्ला जोशियान में मातम, परिजनों ने दोस्त पर लगाया हत्या का आरोप





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गुरुवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब काशीराम आवास कॉलोनी के नाले से 23 वर्षीय युवक का सड़ा-गला शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान मोहल्ला जोशियान निवासी अर्जुन जोशी पुत्र योगेंद्र जोशी के रूप में हुई। चार दिन से लापता अर्जुन की तलाश में जुटे परिजनों ने मौके पर ही आरोप लगाया कि हत्या उसके ही एक करीबी दोस्त ने की है।

नगर के मोहल्ला जोशियान निवासी योगेंद्र कुमार का पुत्र अर्जुन चार दिन पहले संदिग्ध अवस्था में गायब हो गया था। हर संभावित स्थान पर तलाश करने के बाद भी जब अर्जुन का कोई सुराग नहीं लगा तो उसके पिता ने धामपुर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। योगेंद्र ने अर्जुन के एक दोस्त पर उसे गायब करने में शक जताया। परिजन अपने स्तर से भी अर्जुन के दोस्त से पूछताछ कर रहे थे। उधर परिजन जब अर्जुन की तलाश में गुरुवार सुबह काशीराम कॉलोनी के पास पहुंचे तो उन्हें तेज बदबू आने पर शक हुआ। सूचना पाकर मोहल्लेवासी मौके पर पहुंचे तो गटर में तैरता हुआ एक शव नजर आया। देखते ही देखते इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे और कोतवाल राजेश चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को बाहर निकाला गया तो परिजनों की चीख-पुकार गूंज उठी। मृतक के कपड़ों से उसकी पहचान की गई, क्योंकि शव इतनी बुरी तरह सड़ चुका था कि चेहरा पहचानना मुश्किल था।

### गुमशुदगी से सनसनी तक

मृतक अर्जुन जोशी चार दिन पहले अचानक रहस्यमय हालात में लापता हो गया था। परिजनों ने थक-हारकर पिता योगेंद्र के जरिए कोतवाली धामपुर में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इस दौरान योगेंद्र ने अर्जुन के ही एक दोस्त पर संदेह जताया था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की और संदिग्ध को दो दिन पहले हिरासत में भी लिया था, लेकिन तब तक युवक का कोई सुराग नहीं मिला।

### राजनीतिक हस्तियां भी पहुंचीं

घटना की खबर मिलते ही पूर्व राज्य मंत्री मूलचंद चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी समेत सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गए। आक्रोशित भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को पसीने छूट गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया और मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत रैली निकाली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी तथा एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत एनसीसी कैडेट्स तथा एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा एनसीसी के अधिकारी कैप्टन अशोक कुमार तथा एनएसएस के परियोजना अधिकारी मौ.आरिफ के नेतृत्व में एक रैली का आयोजन किया गया।

प्रोफेसर साधना ने सबसे पहले कैडेट्स तथा स्वयंसेवकों को कुछ तिरंगे वितरित किए तथा तिरंगे के विषय में जानकारी दी। रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर चौधरी चरण सिंह चौक, बस अड्डा होते हुए रेलवे स्टेशन तक गई तथा रेलवे स्टेशन पर लोगों को जागरुक भी किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह तिरंगा हमारे देश की शान है तथा सभी विद्यार्थियों को अपने-अपने घरों पर 15 अगस्त पर तिरंगा अवश्य लगाना चाहिए। इसके पश्चात एनसीसी तथा एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई। इसके पश्चात महाविद्यालय में 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों तथा समस्त उपस्थितगणों को विभाजन की विभीषिका के बारे में बताया गया एवं उन्हें इस ऐतिहासिक घटना के प्रति संवेदनशील एवं जागरूक करने के लिए विभाजन से संबंधित डॉक्यूमेंट्री का स्क्रीन पर प्रसारण भी किया गया। इसके पश्चात विभाजन की त्रासदी के दौरान प्राणोत्सर्ग करने वाले व्यक्तियों की याद में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा, प्रोफेसर दिनेश सिंह, प्रोफेसर महिपाल सिंह, डॉ. जैनुलआब्दीन, डॉ. अखिलेश देवी, डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, डॉ. संतोष देवी, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. कुलदीप, सनी कुमार तथा मौ. सलीम, मौ. सुलेमान, डॉ. देवेश कुमार, अमित मलिक, अरविंद गौतम, डॉ. मीनाक्षी चौहान, कु. इलमा, पूजा राजपूत आदि शिक्षकगण के अतिरिक्त एनसीसी कैडेट्स तथा एनएसएस के स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष को जान से मारने की धमकी, कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भारतीय किसान यूनियन (सामाजिक) के जिला उपाध्यक्ष आरेन्द्र कुमार व नगर अध्यक्ष अब्दुल बारी ने मुख्यमंत्री के नाम एक प्रार्थना पत्र क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौंपकर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार (भोले) एड. को मिली जान से मारने की धमकी के मामले में कठोर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के मुताबिक 13 अगस्त की रात करीब 9:30 बजे अध्यक्ष शिव कुमार के मोबाइल नंबर पर 8279559541 से कॉल कर गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। कॉल के दौरान अन्य लोगों की आवाजें भी सुनाई दीं, जो अपशब्द कह रहे थे और धमकियां दे रहे थे।

आरेन्द्र कुमार व अब्दुल बारी ने कहा कि यह घटना गंभीर अपराध है और इसमें शामिल आरोपियों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है, ताकि भविष्य में कोई असामाजिक तत्व इस तरह की हरकत करने का साहस न कर सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन सामाजिक के जिला उपाध्यक्ष आरेन्द्र कुमार, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. इकरार, नगर अध्यक्ष अब्दुल बारी, नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद अहसान शाही, शुऐब, मोहम्मद मोनिस, नरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# तिरंगा पैदल यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## भारत माता की जय के उदघोषों से गूंजा शहर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा ग्रुप ऑफ कालेजेस बिजनौर द्वारा 79 वे स्वतंत्रता दिवस के महापर्व पर बिजनौर शहर में तिरंगा पैदल यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा पैदल यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति का जश्न मनाते हुए घर-घर तिरंगा अभियान के तहत सभी को जागरूक व प्रोत्साहित करना एवं हर भारतीय के दिल में देशभक्ति की भावना जगाना और राष्ट्रीय धवज के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

तिरंगा पैदल यात्रा का शुभारम्भ प्रशासनिक अधिकारी कुनाल रस्तौगी, सयुंक्त मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, सहायक पुलिस अधीक्षक गौतम राय, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार और कालेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार व समस्त प्राचार्यों ने संयुक्त रूप से किया।

चेयरमैन मनोज कुमार ने स्वतंत्रता दिवस पर विद्यार्थियों को संदेश दिया कि यह तिरंगा यात्रा देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाती है। उन्होंने बताया कि इस जन आंदोलन द्वारा देशवासी उस स्वतंत्र भारत को विकसित और सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए संकल्पित हैं, जिसका सपना असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने त्याग, तप और समर्पण से देखा था। निदेशक पवन कुमार ने बताया कि यह तिरंगा यात्रा शहरवासियों में सद्भाव और एकजुटता की भावना को बढ़ाने का कार्य करेगी।

तिरंगा पैदल यात्रा के माध्यम से कृष्णा ग्रुप ऑफ कालेजेस बिजनौर जिलेवासियों को आजादी के रंग में रंगकर इस पावन पर्व को मनाता है। शहरवासी भी इस यात्रा में सम्मिलित होकर इसे और अधिक भव्य बनाने में सहयोग देते हैं। जब कृष्णा ग्रुप के सभी शिक्षक, कर्मचारी और छात्र छात्राएं भारत माता की जय का उदघोष करते हुए बिजनौर शहर के चौराहों से गुजरते हैं तो आजादी का जश्न और अधिक सुहावना हो जाता है।

तिरंगा पैदल यात्रा नेहरू स्टेडियम से आरम्भ होकर कलेक्ट्रेट, डाकखाना चौराहा, शास्त्री चौक होते हुए नेहरू स्टेडियम पहुंचकर समाप्त हुई। छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगों व तख्तियों पर नारों को लिखकर उन्हें लहराते हुए भारत माता की जय, वन्दे मातरम्, अमर शहीदों की जय के नारों से वातावरण को गुंजायमान किया एवं शहरवासियों को राष्ट्र भक्ति के रंग में रंग दिया।

इस यात्रा में कृष्णा ग्रुप ऑफ कालेज के समस्त प्रवक्ताओं व छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। भारत माता की जय के उदघोष ने शहरवासियों को देश भक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया।

इस तिरंगा पैदल यात्रा ने बिजनौर के सभी नगरवासियों को आजादी के गीतों द्वारा स्वतंत्रता दिवस की यादों से जोड़ दिया, जिसने सभी नागरिकों में देशभक्ति की भावना का जोश भर दिया।

## एक नजर

### मारपीट और जान से मारने की धमकी



**स्योहारा।** नाजिम की दुकान मोहल्ला पीर का बाजार में स्थित है, जिसे उन्होंने रिहान पुत्र सुल्तान को घर की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण अस्थायी रूप से उपयोग के लिए दी थी। तय हुआ था कि जब नाजिम को दुकान की आवश्यकता होगी तो रिहान उसे खाली कर देगा। पीड़ित का आरोप है कि पिछले चार महीनों से दुकान खाली करने के लिए कहने के बावजूद रिहान ने टालमटोल किया। 12 अगस्त की रात करीब 8 बजे नाजिम रिहान से दुकान खाली करने की बात करने पहुंचे तो रिहान गाली गलौच करने लगा और अपने भाई इरफान पुत्र सुल्तान तथा बेटे ताबिश पुत्र रिहान को मौके पर बुला लिया। नाजिम का आरोप है कि तीनों ने मिलकर उनके साथ मारपीट की। इस दौरान ताबिश ने धारदार हथियार से हमला किया, जिससे उनके हाथ पर चोट लग गई और वे लहूलुहान हो गए। शोर सुनकर मोहल्ले के कुछ लोग मौके पर पहुँचे और बीच-बचाव किया। जाते-जाते आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक

**बिजनौर।** सचिव सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, मुरादाबाद राजेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, मुरादाबाद की बैठक मण्डलायुक्त, मुरादाबाद की अध्यक्षता में 13 अगस्त आयुक्त, मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के कार्यालय सभागार में आयोजित की गयी थी। जिसमें 08 अगस्त तक प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार किया गया। प्राधिकरण की बैठक में सम्भाग के अराष्ट्रीयकृत / निजी बस मार्गो पर स्थाई अनुज्ञापत्र हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार, स्थाई सवारी गाड़ी (बस) अनुज्ञापत्रों के हस्तान्तरण हेतु प्राप्त आवेदन पत्र, सीएनजी ऑटोरिक्शा परमिट हस्तान्तरण हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार एवं अन्य विविध प्रकरण/प्रत्यावेदन आदि विषयों पर विचार किया गया।

# आज 15 अगस्त के अवकाश में भी होंगे आईटीआई एडमिशन फॉर्म ऑनलाइन

**बिजनौर।** राजकीय आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि तीन चरण के प्रवेश के उपरांत भी जनपद में संचालित राजकीय आईटीआई में प्रवेश के कुछ स्थान रिक्त रह गए हैं, जिनमें मुख्य रूप से मैकेनिक ट्रैक्टर, प्लंबर, पेंटर जनरल, वेल्डर तथा महिलाओं के लिए ड्रेस मेकिंग, सिविंग टेक्नोलॉजी, फैशन टेक्नोलॉजी, कंप्यूटर एडेड एंब्रायडरी आदि ट्रेड है। इन ट्रेड के लिए ऐसे अभ्यर्थी जिनका पूर्व में किसी संस्थान अथवा ट्रेड के लिए चयन हो गया था किंतु वह किन्हीं कारणों से प्रवेश नहीं ले पाए थे। वह अब ऑनलाइन कर अपना विकल्प परिवर्तन कर सकते हैं तथा वह अभ्यर्थी जिन्होंने आवेदन पत्र ऑनलाइन किया था, किंतु उनका किसी भी संस्थान अथवा ट्रेड में चयन अभी तक नहीं हुआ था, वे भीअपना विकल्प परिवर्तन कर सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अभी तक आवेदन पत्र ऑनलाइन नहीं किया था, अब आवेदन पत्र ऑनलाइन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों के हित में उन्हें यह सुझाव दिया जाता है कि वह ऐसी ट्रेड भरें जिनमें स्थान उपलब्ध है। रिक्त स्थान का विवरण www.scvtup.in पर ऑनलाइन करते समय पर देखा जा सकता है। इसके लिए आवेदन पत्र करने की अंतिम तिथि आज 15 अगस्त 2025 रात्रि 12:00 बजे तक निर्धारित है। इसके लिए आज 15 अगस्त के अवकाश में भी आवेदन पत्र ऑनलाइन की प्रक्रिया जारी रहेगी।

# कार्यशाला में आत्म ज्ञान पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर/नूरपुर।** प्रेम रावत फाउंडेशन द्वारा एसकेएम इंटर कॉलेज, मझोला गुज्जर चांदपुर में आयोजित पीस एजुकेशन कार्यक्रम के दूसरे दिन का विषय 'आंतरिक शक्ति और स्वयं को जानना' रहा। इस कार्यशाला ने प्रतिभागियों में जबरदस्त उत्साह पैदा किया, जिसका उद्देश्य उन्हें जीवन की चुनौतियों का सामना करने और उनसे सीखने के लिए सशक्त बनाना था।

प्रिंसिपल शिव कुमार ने बताया कि प्रेम रावत का प्रयास सरल भाषा में व्यक्ति के कौशल विकास और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता लाना है। इस कार्यशाला का मुख्य संदेश यह था कि मनुष्य की सबसे बड़ी उपलब्धि स्वयं को जानना और अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानना है। प्रेम रावत ने अपने संबोधन में मनुष्य को स्वयं पर जीत हासिल करने के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति अपनी आंतरिक शक्ति को पहचान लेता है, तो वह बलवान हो जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि जीवन में समस्याएं आती-जाती रहती हैं लेकिन कोई भी समस्या मनुष्य से बड़ी नहीं होती। श्री रावत ने असफलता को जीवन की एक स्वाभाविक प्रक्रिया बताते हुए कहा कि असफलता को स्वीकार न करना ही सफलता की सीढ़ी है। यह दृष्टिकोण व्यक्ति को चुनौतियों का सामना करने और उनसे सीखने में मदद करता है। उन्होंने कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब छात्रों को परीक्षा में कम अंक मिलते हैं या वे अपने लक्ष्य प्राप्त नहीं कर पाते तो वे जल्दी निराश हो जाते हैं। ऐसे में प्रेम रावत का संदेश आशा का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन जाता है और यह पीस एजुकेशन प्रोग्राम एक मजबूत सहारा साबित हो रहा है। यह कार्यशाला छात्रों के साथ-साथ अध्यापकों और स्टाफ को अपनी आंतरिक शक्ति का एहसास कराकर उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाएगी, जिससे वे जीवन की बाधाओं का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकें। कॉलेज प्रबंधन टीम ने प्रेम रावत फाउंडेशन के स्वयंसेवकों को उनके प्रयासों और इस महत्वपूर्ण कार्यशाला को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। यह विश्वास है कि 'आंतरिक शक्ति और स्वयं को जानना' विषय पर आधारित यह कार्यशाला प्रतिभागियों को न केवल शैक्षणिक बल्कि व्यक्तिगत रूप से भी सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# एमएम इंटर कॉलेज व मदरसे के छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा यात्रा अभियान के अंतर्गत नगर के स्कूल, कॉलेजस और मदरसे में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर नगर के एम.एम. इंटर कॉलेज में तिरंगा यात्रा के कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशाल रैली नगर में निकाली गई।

रैली पुलिस कांस्टेबिल की उपस्थिति में प्रधानाचार्य हाजी मो. ताहिर ने हरी झंडी दिखाकर कॉलेज से रवाना किया। तिरंगा यात्रा के दौरान छात्रों के जोश भरे उदघोष हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा, हमारी शान तिरंगा से नगर का वातावरण देशप्रेम से ओत प्रोत हो गया। रैली में कॉलेज के शिक्षक इशरत जमाल, सैय्यद बिलाल अकबर, तय्यब हसन खान, काजी फिरोज अहमद, रिजवान बारी, नवाज शरीफ, इमरान अहमद, सलीम अहमद आदि उपस्थित रहे।

उधर मदरसा मिफ्ताहुल उल उलूम में भी हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाली गई जो कि मदरसा से शुरू होकर बाजार नेहरू चौराहा तक होती हुई वापस मदरसा में पहुंचकर समाप्त हुई।

तिरंगा यात्रा का नेतृत्व प्रधानाचार्य कर रहे थे जबकि तिरंगा यात्रा का नेतृत्व शिक्षक फरजान अहमद, शिक्षक सरताज अनवर, मास्टर शमीम अहमद, मौलाना अनजार, निगहत परवीन सहित समस्त स्टाफ ने इस रैली में प्रतिभाग किया। तिरंगा यात्रा में बच्चों के हाथों में विभिन्न प्रकार के नारे लिखी तख्तीयां थीं, जिन पर देश प्रेम के सन्देश लिखे हुए थे।

# भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** सकल सनातन समाज के तत्वाधान में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के कार्यक्रम के तहत पूर्वी चौधरियान शिव मंदिर हाथी वाला मंदिर में भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा को मंदिर समितिया द्वारा आयोजित कार्यक्रमों भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा को नगर भ्रमण व वस्त्र धारण के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

पूर्वी चौधरीयान शिव प्रबंध समिति के तत्वावधान में कृष्ण जन्माष्टमी के जन्म महोत्सव पर चल रहे कार्यक्रम के तहत कमल वर्मा व उनके परिवार ने अपने आवास से भगवान श्री कृष्ण की बाल रूप प्रतिमा लेकर नगर भ्रमण कराया। नगर भ्रमण के दौरान पालकी में भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा को लेकर बैंड में ढोल के साथ मोहल्ला कायस्थान, सराय जोखा सिंह, पंचायत मंदिर, चौधरीयान से होते हुए मंदिर परिसर जाकर संपन्न हुई। मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान क्रियाओं के साथ भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा को वस्तरण कराए गए। महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अरविंद शर्मा, आशु कौशिक सुनील वर्मा, काव्य वर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा, रजनीश शर्मा, महिलाएं व पुरुष कार्यक्रम में शामिल रहे। इसी क्रम में हाथी वाला मंदिर परिसर में पीयूष गोयल व उनकी धर्मपत्नी शिल्पी गोयल ने अपने आवास से महिला पुरुषों के साथ भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा को लेकर मोहल्ला जमा मस्जिद, सुनारों वाली गली, हाथी वाला मंदिर से होते हुए मंदिर परिसर जाकर मंदिर में भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा व राधा को वस्त्र धारण काराये। इस अवसर पर वैभव गोयल, हर्षित मित्तल, राधिका गोयल, समृद्धि, उषा गोयल, शिखा, मुकेश गुप्ता, राकेश अग्रवाल, विनिल वर्मा, सत्य जैन, आशुतोष अग्रवाल, स्वतंत्र अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, ऐश्वर्या चौधरी, मीरा अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, मंजू गोयल आदि महिला मंडल ने भजन कीर्तन करके कार्यक्रम को आकर्षक बनाया।

# टेण्डर देने के नाम पर खेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बीएसए को उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने लाखों रूपए की डील कर करीबी को नियम विरुद्ध टेण्डर देने का प्रयास किया है।

बता दें बीएसए के करीबी BDOT कंपनी को टेण्डर न मिल पाने की स्थिति में दो बार निरस्त कर चुका है। उक्त टेण्डर के मामले में उच्च न्यायालय इलाहाबाद में 14 जुलाई 25 को आदेश दिया कि याचिकाकर्ता SKT company को नवीन टेण्डर में सुविधा देते हुए सम्मलित किया जाए। लेकिन बीएसए ने हाईकोर्ट के आदेश से पूर्व ही निविदा निकाल दी। बीएसए के यहाँ वर्तमान में भी BDOT का टेण्डर संचालित है। उसी को और लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से नए नए तरीके से स्कैम करने की फिराक में लगा हुआ है। उक्त टेण्डर पहले भी BDOT company की झूठी शिकायत पर ही बिना सबूत के टेण्डर प्रक्रिया में निरस्त कर दी थी। इस बार भी हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना करते हुए बिना कारण बताये SKT कम्पनी को डिस क्वालीफाई कर दिया।

बीएसए बिजनौर पर करीबी ठेकेदार को नियम विरुद्ध ऐजुकेटर टेण्डर देने का प्रयास किए जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत कर्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल के अलावा कई बार आलाधिकारियों को ईमेल, व्हाट्सएप, रजिस्ट्री द्वारा शिकायत की है। उधर बीएसए इस मामले में मौन है। मामला जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी योगेन्द्र कुमार, कंप्यूटर आपरेटर मनोज कुमार व एक अन्य कर्मचारी से जुड़ा हुआ है।

आरोप है कि निविदा संख्या GEM /2025/ठ/6287640 दिनांक 29.5.2025 को निकाली गई निविदा में नियम विरुद्ध करीबी ठेकेदार को एमएसएमई एक्ट में छूट देते हुए आरक्षित कर दिया है, जबकि टेण्डर में साफ साफ स्पष्ट है कि ईएमडी में एमएसएमई की छूट का कोई प्रावधान नहीं है और 1% ईएमडी /एफडीआर के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।

बताते चलें कि उक्त निविदा टेण्डर प्रक्रिया में शिकायत कर्ता विजेंद्र सिंह की कंपनी सहित 11 कम्पनी क्वालीफाई हुई है। आरोप है कि बीएसए एमएसएमई में छूट देने के स्कैम करने की फिराक में लगा है। यदि अपने मंसूबे में सफल हो जाता है तो करीबी कंपनी RAX इण्डस्ट्रियल सिक्योरिटी व BDOT टेकमेक मैनेजमेंट में से कंप्यूटर ऑटोरन में एक को अप्रूव्ड कर देगा। शेष नौ कंपनियों के अधिकारों का हनन साथ साथ सरकार की GEM प्रक्रिया की छवि धूमिल हो जाएगी। शिकायतकर्ता ने तत्काल उच्च स्तरीय जाँच की माँग की है।

# अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा का प्रदर्शन

## एसडीएम को सौंपा मांग पत्र




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने तहसील नजीबाबाद पर किया जोरदार प्रदर्शन। राष्ट्रपति को उप जिलाधिकारी के माध्यम से संबोधित मांग पत्र प्रेषित किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद हुसैन, मोहम्मद तकी, दयाराम सिंह, अर्जुन सिंह, अब्दुल कादिर, कुलविंदर कुमार, रवि कुमार, महेंद्र सिंह के नेतृत्व में मजदूर एवं किसान नारेबाजी करते हुए तहसील नजीबाबाद एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां पर राष्ट्रपति को संबोधित मांग पत्र दिया गया।

जुलूस प्रदर्शन में बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत छोड़ो, कॉर्पोरेट खेती छोड़ो, एसपी गारंटी कानून बनाओ, किसान मजदूर के सभी कर्ज माफ करो, मोदी सरकार कारपोरेट की दलाली बंद करो, भगत सिंह के देश में कंपनी राज नहीं चलेगा आदि नारे लगा जा रहे थे।

सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद हुसैन ने कहा कि यूके प्रोसेसड फूड, डेयरी, सब्जियां फल का आयात बंद किया जाए। अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत पर 50% टैरिफ जो लगाया गया है, संयुक्त किसान मोर्चा इसका विरोध करता है, मोदी सरकार ने जो एसपी गारंटी कानून बनाने के लिए वादा किया था उसे पूरा करें, प्रदेश सरकार 300 यूनिट बिजली मुफ्त दे, स्मार्ट मीटर लगाना बंद किया जाए। सरकारी स्कूलों के मर्ज के आदेश को सरकार वापस ले, जिसमें 50 से कम छात्रों वाले 5000 स्कूलों को बंद कर रही है, यह स्कूलों की जमीन /संपत्ति को बेचने की सरकार की योजना है। सरकार इसे वापस ले और सरकारी विद्यालय में खाना बनाने वाली रसोइयों को नियमित कर 26000 रुपए वेतन दिया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे के भ्रष्टाचार की जांच करा कर एवं साइट खोलकर सभी गरीबों के घरों का सर्वे कराकर उन्हें योजना का लाभ दिलाया जाए, एक यूनिट पर 4 से 4:30 किलो खाद्यान्न दिया जा रहा है, इसकी कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए और 1 किलो प्रति यूनिट राशन दिया जाए, रूपए 10000 प्रतिमाह वृद्ध, विधवा, विकलांग को पेंशन दी जाए, सरकार की पुराने ट्रैक्टर वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की नीति गलत है, 10 वर्ष से पुराने सभी डीजल वाहनों को प्रतिबंधित करना अव्यवहारिक है। सरकार नई कृषि विपणन नीति लाई है, जिसे रद्द किया जाए, ग्राम समाज, सीलिंग, पड़ती की भूमि को कब्जा मुक्त कराकर गरीब भूमिहीनों को उसके पट्टे दिए जाएं।

सभा की अध्यक्षता शमशाद हुसैन एवं संचालन कपिल कुमार ने किया। भागीरथ, तबस्सुम, नदीम, फातिमा, अर्जुन सिंह, मुन्नें, लखीराम, जहीर अहमद, रुबीना, गुलफसा आरती देवी, सुमन देवी दर्जनों लोग शामिल रहे।

## रोजगार सेवकों का सर्वे करने का विरोध

**हल्दौर।** ब्लाक क्षेत्र के अंतर्गत 87 ग्राम पंचायतों में करीब 40 ग्राम रोजगार सेवकों को विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों को पूरा जाने के के लिए तैनात किया गया है। शासन के आदेश पर ई खसरा पड़ताल के अंतर्गत डिजिटल क्रॉफ्ट सर्वे कराए जाने जिम्मा भी ग्राम रोजगार सेवकों को सौंपा गया है। ग्राम रोजगार सेवक ब्लॉक कार्यालय परिसर में एकत्र हुए। ग्राम रोजगार सेवकों का कहना था कि विभिन्न प्रकार की सुविधाओं के अभाव में खेत- खेत पर जाकर खरीफ फसलों का क्राफ्ट डिजिटल सर्वे करने में उन्हें विभिन्न प्रकार की दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। सर्वे कार्य करने के लिए उनके पास पर्याप्त सुविधा नहीं है। उन्होंने सर्वे कार्य कराए जाने में असमर्थता जताते हुए एक ज्ञापन बीडीओ विक्रम सिंह के नाम दिया है। इस अवसर पर जित.ेंद्र कुमार, सुषमा शर्मा, रितू शर्मा, प्रेमलाल सिंह, अंजू, संजीव कुमार, उमराव सिंह आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## नगर पालिका परिषद, बिलारी (मुरादाबाद)

स्वच्छ सर्वेक्षण

### 15 अगस्त, 2025 के स्वर्णिम अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अन्तर्गत

- हर घर तिरंगा हर घर स्वछता अभियान को सहयोग करें स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनायें।
- गीला व सूखा कचरा अलग करें कूड़ा कचरा गाड़ी को दें सड़को पर न फैलायें।
- दैनिक प्रयोग से पॉलीथीन को दूर हटायें, पॉलीथीन की जगह कपड़े के थैले को अपनायें।
- 15 अगस्त 2025 स्वतंत्रता दिवस पर अपने आस-पास के वातावरण की साफ-सफाई में पालिका प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।
- न०पा०परि० बिलारी के कैम्पस में निर्मित योगशाला में निशुल्क प्रतिदिन योगाभ्यास कर, स्वस्थ्य रहें, अपने घर में इस्तेमाल की गयी वस्तुओं, समान, कपड़ा, बर्तन, किताब खिलौना आदि को पालिका के RRR (Reduce, Reuse, and Recycle) सेन्टर में जरूरतमन्द हेतु जमा करें।

**सौजन्य सेः- नगर पालिका परिषद बिलारी, जनपद मुरादाबाद**

## कार्यालय नगर पंचायत पाकबड़ा (मुरादाबाद)

### 15 अगस्त 2025 ''स्वतन्त्रता दिवस'' के अवसर पर सम्मानित जनता से अपील

1. जल का सदुपयोग करें. 2. नगर को साफ रखने में सहयोग करें. 3. पॉलिथीन का उपयोग न करें 4. डेंगू चिकनगुनिया, मलेरिया एवं स्वाइन फ्लू से बचाव हेतू अपने आसपास स्वच्छता का वातावरण बनाये रखे तथा आसपास जल का भराव न होने दें। रोगो के लक्षण दिखने पर चिकित्सक की सलाह से ही दवाईयां लें 5. पॉलीथीन का प्रयोग स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है, इससे कैंसर जैसी अन्य घातक बीमारियों के होने की पूर्ण संभावना है। 6. जन्म मृत्यु पंजीयन नियमानुसार करायें 7. दैनिक प्रयोग से पॉलीथिन को दूर हटायें, पॉलीथिन की जगह कपड़े के थैले अपनायें 8. स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक नागरिक अपने अवास पर ''हर घर तिरंगा अभियान'' के अन्तर्गत झण्डा फहरायें एंव संध्या काल उपरान्त झण्डे को सहसम्मान पूर्वक उतारकर सुरक्षित रख लें 9. यह नगर आपका अपना नगर है, इसे स्वच्छ बनाने में हमारा सहयोग करें 10. घर से व दुकानों से जनित कूड़े को कूड़ा गाड़ी में ही डालें, खुले में कूड़ा कचरा नहीं डालें।

| विजय आनन्द | मौहम्मद याकूब |
|---|---|
| अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
| नगर पंचायत पाकबड़ा। | नगर पंचायत पाकबड़ा। |

**समस्त सभासद एवं कार्यालय स्टाफ नगर पंचायत पाकबड़ा जनपद मुरादाबाद।**

प्रस्तुतिः- जितेन्द्र जैन जिला प्रभारी, मुरादाबाद
वारिस पाशा, तहसील प्रभारी, बिलारी
डिजाइनिंग : नफीस अहमद (कम्प्यूटर आपरेटर)

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलारी
सभी देशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

शानू कुमार
विकेश कुमार

सभी देशवासियों एवं क्षेत्र वासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

अमित यादव
Managing Director
Karawar Edible Oil Pvt. Ltd

लक्ष्मी जी शुगर मिल्स कम्पनी लिमिटेड
(वर्क्स, श्री अजुध्या शुगर मिल)
राजा का सहसपुर, बिलारी, (मुरादाबाद)
RANA SUGARS LIMITED
की ओर से समस्त कृषक भाइयों, क्षेत्रवासियों एवं पदाधिकारियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
-: अनुरोध :-
1. शरदकालीन गन्ने की अधिकाधिक क्षेत्र में ट्रेंच विधि से बुवाई अवश्य करें।
2. अपने कुल गन्ना सर्वे क्षेत्रफल का पेडी/पौधा वार प्रदर्शन के समय मिलान कर लें।
3. यदि गन्ना समिति के सदस्य नही हैं, तो 30 सितम्बर से पूर्व नियमानुसार समिति में सदस्यता शुल्क जमाकर सदस्य बन जायें।
4. गन्ना प्रजाति को0- 0238 लाल सडन रोग से ग्रसित होती जा रही है अतः प्रजाति बदलाव हेतु गन्ने की नयी प्रजातियों जैसे को0 15023, को0शा0 13235 एवं को0लख0 14201 की बुवाई अवश्य करें।

सुभाष खोखर
उपाध्यक्ष

तहसील प्रशासन बिलारी
सभी देशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

उपजिलाधिकारी
कमलेश कुमार
तहसीलदार न्यायिक
नायब तहसीलदार
सत्यवीर गिरी
निर्मला रानी
लेखपाल
नाजिया परवीन
लेखपाल

सभी देशवासियों एवं क्षेत्र वासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

दिनेश कुमार
(लेखपाल)

सभी देशवासियों एवं क्षेत्र वासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

देवेश शर्मा एड.
सभाषद
नगर पालिका परिषद बिलारी



लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण **सुबह 6:30 बजे** से दूरदर्शन नेटवर्क पर।

# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

## फायर स्टेशन का सीएफओ ने किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) बिजनौर/ मुरादाबाद डॉ. आर.के. पांडेय ने फायर स्टेशन धामपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मैस का खाना चखा और कर्मचारियों से उसकी गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। सभी कर्मचारियों ने मैस के खाने को संतोषजनक और अच्छा बताया।

सीएफओ ने कर्मचारियों से उनकी व्यक्तिगत, सामूहिक और आवास से संबंधित समस्याओं के



बारे में भी पूछा, जिस पर किसी ने कोई समस्या नहीं बताई। इस दौरान उन्होंने वॉचरूम में तैनात कर्मचारियों की ड्यूटी चेक की और फायर स्टेशन की कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लिया। डॉ. पांडेय ने सभी कर्मचारियों को ड्यूटी, अग्निकांड और जीवन रक्षा से जुड़े मामलों में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सतर्कता बनाए रखने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने पर जोर दिया। सीएफओ ने कहा कि इस निरीक्षण का उद्देश्य फायर स्टेशन की तैयारियों और कार्यक्षमता का आंकलन करना है, ताकि क्षेत्र की सुरक्षा जरूरतों को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके।

## अखंड भारत संकल्प दिवस कार्यक्रम में हिंदुओं के संगठित होने पर बल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** अखंड भारत संकल्प दिवस कार्यक्रम में विहिप के विभाग संगठन मंत्री ने भारतीय संस्कृति की सुरक्षा एवं हिंदुओं के संगठित होने पर बल दिया।

विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में अखंड भारत संकल्प दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के एक बैंकट हॉल में बजरंग बली हनुमान व भारत माता के चित्र के संमुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री जयलेश ने हिंदुओं को संगठित होकर रहने पर बल देते हुए कहा कि भारत में हिंदू अल्पसंख्यक होता जा रहा है। इस विषय पर चिंतन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को एक सुरक्षित भारत देना है तो अपनी मान, मर्यादा और संस्कृति की रक्षा सुरक्षा करनी होगी। इसके लिए सभी हिंदुओं को एक दूसरे की मदद के लिए सदा खड़े रहना होगा। उन्होंने कहा कि देश के लिए प्रत्येक को कुछ समय निकालने की आवश्यकता है। उन्होंने परिवार को संयुक्त रहने की आवश्यकता पर भी बल दिया। वहीं देश की संपत्ति की सुरक्षा करना भी हम सभी का कर्तव्य है। पर्यावरण सुरक्षा के लिए के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रवीण व संचालन विनीत ने किया। इसके बाद सभी जयघोष करते हुए नगर स्थित शहीद स्मारक पहुंचे जहां भारत माता की आरती सामूहिक रूप से की गई। कार्यक्रम में विभाग सह संयोजक शिवम, नगर अध्यक्ष शगुन, आशीष, अरुण कुमार, विकास कुमार, चेयरपर्सन पति दीपक सैनी, सचिन, मोनू चंद्रा, हरवीर सिंह, अमित कनिष्क आदि मौजूद रहे।


स्वतंत्रता दिवस की सभी को



हार्दिक बधाई



कमलेश भुईयार
वरिष्ठ सपा नेत्री, जनपद-बिजनौर

यौमे आजादी की अवाम व सपा कार्यकर्ताओं को
मुबारकबाद



हनी फैसल
जिलाध्यक्ष-समाजवादी युवजन सभा, जनपद-बिजनौर

स्वतंत्रता दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई



सिटी हॉस्पिटल
डॉ. अदनान मारुफ
मुरादाबाद रोड, पीडब्लूडी के सामने, स्योहारा

सभी देशवासियों व पंचायतवासियों एवं किसान भाइयों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
पंचायत का गौरव आगे बढ़ाने के लिए, जिला पंचायत सदस्य पद के योग्य, कर्मठ, शिक्षित, ईमानदार एवं संघर्षशील, समाजसेवी, संभावित प्रत्याशी, वार्ड संख्या (2)
अफजलगढ़
डॉक्टर एम.डी. तुफैल
एस.एल. हॉस्पिटल, अफजलगढ़
जनपद-बिजनौर
मोबाइल नम्बर:- 7017537609
सौजन्य से-निवासी वार्ड संख्या 2 पंचायत अफजलगढ़ एवं कार्यकर्ता।




### जन्माष्टमी पर हरिहर मंदिर में होगा बच्चों का नृत्य कार्यक्रम

**बिजनौर।** बाबा हरिहर मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 16 अगस्त को इस बार भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर मंदिर में अनेक धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

मंदिर कमेटी के एक प्रवक्ता ने बताया कि बच्चों द्वारा धार्मिक व देशभक्ति गीतों पर नृत्य कार्यक्रम भी होगा। इसमें 4 साल से 12 साल तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। इच्छुक बच्चे अपना नाम मंदिर के पुजारी या कमेटी के सदस्यों के पास लिखवा सकते हैं। मंदिर में झांकियां भी सजाई जायेगी। कार्यक्रम 16 अगस्त की सायं 7 बजे शुरू होगा।


स्वतंत्रता दिवस की नागरिकों को
हार्दिक बधाई



डॉ. रवि कुमार
सिसोदिया नर्सिंग होम एवं अल्ट्रासाउंड सेंटर
नवादा चुंगी, ठाकुरद्वारा रोड, स्योहारा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई



लक्ष्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन
उच्च शिक्षा हेतु एकमात्र शिक्षण संस्थान
मुरादाबाद रोड, स्योहारा
अनुराग चौहान
प्रबंधक
राजपाल चौहान
पूर्व जिलाध्यक्ष
भाजपा, जनपद मुरादाबाद





स्वतंत्रता दिवस की नागरिकों को
हार्दिक बधाई



श्रीमती मरियम साईम राजा
मैनेजर: मरियम हायर सेकेंड्री स्कूल
मंडावर रोड, किरतपुर
अच्छी शिक्षा व बेहतरीन तरबियत के लिए एडमिशन कराएं।


यौमे आजादी की सभी को
दिली मुबारकबाद

मौहम्मद सईद- ग्राम प्रधान
जिक्रीवाला उर्फ भवानीपुर, अफजलगढ़
विकास किया है, विकास करेंगे

स्वतंत्रता दिवस की नागरिकों, व्यापारी बंधुओं, संगठन के सहयोगियों एवं शुभचिंतकों को



हार्दिक बधाई
अरूण कुमार वर्मा
उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता, स्योहारा



अमित कुमार वर्मा
युवा भाजपा नेता

स्वतंत्रता दिवस की नागरिकों को
हार्दिक बधाई

सूर्यकांत गिरी
खंड शिक्षा अधिकारी, किरतपुर

स्वतंत्रता दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई



अजविंदर सिंह बिसला
भारतीय किसान यूनियन (टिकैत)
नगर सचिव युवा समाजसेवी, अफजलगढ़

देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों को शत्-शत् नमन

स्वतंत्रता दिवस की नागरिकों, किसान भाइयों, समस्त स्टाफ व गन्ना विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को



हार्दिक बधाई
सुखवीर सिंह-प्रबंधक
अवध शुगर एवं एनर्जी लिमिटेड, स्योहारा

यौमे आजादी की सभी को
दिली मुबारकबाद



इनसाद अली खान
पूर्व ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रहटा बिल्लौच
थाना नूरपुर, जनपद बिजनौर

देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी की दिल की गहराईयों से
मुबारकबाद



इमरान भैया
समाजसेवी व जिला पंचायत सदस्य
राजा का ताजपुर, जिला बिजनौर

## अधिवक्ताओं ने अधिकारियों संग निकाली तिरंगा यात्रा



**कांठ।** तहसील परिसर में आज अधिवक्ताओं एवं अधिकारियों द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया जिसमें अधिवक्ताओं ने अधिकारियों के साथ सम्मिलित रूप से एक रैली निकाली, रैली के माध्यम से सभी को देशभक्ति का संदेश दिया गया। इस मौके पर तहसीलदार रजिस्ट्रार बार अध्यक्ष प्रदीप कुमार दीपक बिश्नोई दीप बिश्नोई सुनील कुमार राजीव कुमार प्रमोद शर्मा कोमल सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## दंपति समेत तीन के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

**भोजपुर।** गांव बारूभूड़ा निवासी सुमन पत्नी रतन सिंह ने पड़ोसी मनो. हरी उसकी पत्नी सर्वेश देवी एवं बेटे दीपक के खिलाफ कोचिंग सेंटर से घर को लौट रही बेटी मोनिका को रास्ते में रोककर मारपीट करने एवं बीच बचाव करने पर वादिनि के साथ भी मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कराया है।

## मुस्लिम इंटर कॉलेज के निलंबित प्रधानाचार्य नईम अहमद की तीन सदस्य समिति करेगी जांच



**ठाकुरद्वारा।** नगर के मुस्लिम इंटर कॉलेज की साधारण सभा की बैठक डॉक्टर मोहम्मद उल्ला चौधरी के आवास पर आयोजित की गई । जिसकी अध्यक्षता रफीक सैफी ने की । जिसमें विद्यालय की समिति सदस्यों से विचार विमर्श कर प्रस्ताव पारित किये गये । विद्यालय समिति के सदस्य डॉ मोहम्मद उल्ला चौधरी, डॉक्टर ताहिर अंसारी, मोहम्मद रफीक सैफी सफदर अली खान एडवोकेट ,हाजी अब्दुल लतीफ, हाजी अहमद अली कुरेशी, हाजी मुख्तार सैफी ने पिछली कार्रवाई की सर्वसम्मति से पुष्टि की । विद्यालय की प्रबंध समिति के प्रस्ताव नंबर दो 4 अगस्त 2025 के प्रस्ताव के अनुसार निलंबित प्रधानाचार्य नईम अहमद पर अनुशासनत्मक और वैधानिक करवाई करने के लिए सर्वसम्मति से अनुमोदन किया किया । प्रबंध समिति के प्रस्ताव के अनुपालन में प्रबंधक द्वारा 7 अगस्त 2025 को प्रधानाचार्य नईम अहमद को निलंबित करने और कार्यभार सहायक अध्यापक लोकमान सिंह को देने की कार्रवाई का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया । प्रबंधक द्वारा निलंबित प्रधानाचार्य नईम अहमद पर लगे गंभीर आरोपों की जांच के लिए 8 अगस्त 2025 को गठित तीन सदस्यी समिति का सर्व सम्मति से अनुमोदन किया । विद्यालय में शिक्षा का स्तर सुधारने और बेहतरीन अनुशासन बनाने के लिए कार्यवाहक प्रधानाचार्य शिक्षकों और कर्मचारियों को चेतावनी दी जाए तथा सतर्क किया जाए । सभी प्रस्ताव सर्व समिति से पारित किए गए।

## त्योहारों को लेकर कोतवाली प्रभारी ने संभ्रांत लोगों संग की बैठक, शांति सौहार्द बनाए रखने की अपील

**ठाकुरद्वारा।** नगर में आगामी चेहल्लुम, स्वतंत्रता दिवस और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी जैसे संवेदनशील त्योहारों को देखते हुए गुरुवार को कोतवाली परिसर में एक अहम शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह ने की, जिसमें क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक, जुलूस संचालक, धर्मगुरु और समिति के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। बैठक में कानून-व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। जुलूस मार्ग पर यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, संवेदनशील स्थानों की निगरानी और अफवाहों पर अंकुश को लेकर विशेष रणनीति बनाई गई। कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह ने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थिति में कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। माहौल बिगाड़ने वालों और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ तुरंत व सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे और एकता के प्रतीक हैं, जिन्हें सभी समुदायों के सहयोग से ही सफल और शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जा सकता है। पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है और सभी संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त फोर्स तैनात की जाएगी। सीसीटीवी कैमरों और पेट्रोलिंग टीमों के जरिए लगातार निगरानी रखी जाएगी। बैठक के दौरान प्रतिभागियों ने भी अपने सुझाव रखे और भरोसा दिलाया कि त्योहारों के दौरान नगर में अमन-चैन और सौहार्द बनाए रखने में वे हर संभव सहयोग देंगे। प्रशासन ने लोगों से अपील की कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें। इस मौके पर सामा. जिक संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## झंडा ऊंचा रहे हमारा की उनके साथ निकाली तिरंगा यात्रा



ठाकुरद्वारा। नगर के मुस्लिम इंटर कॉलेज में प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा के अंतर्गत विद्यालय के छात्राओं ने तिरंगा रैली निकाल कर झंडा ऊंचा रहे हमारा की गूंज के साथ देशभक्ति के गीतों के साथ रैली निकाल कर अपने देश के प्रति वफादार बनने के लिए जागरूक किया । विद्यालय की प्रधानाचार्य लोकमन सिंह ने प्रत्येक छात्रध्छात्रा को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज को लगाने के लिए प्रेरित करके प्रतियोगिता का आयोजन किया । इसके अतिरिक्त सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत छात्र छात्राओं को और समस्त स्टाफ को यातायात से संबंधित जानकारी से अवगत कराया गया । साथी कहां की बालिक होने पर ही वाहन चलाएं वाहन चलाते समय हेलमेट का अवश्य प्रयोग करें । इसी दौरान यातायात के नियमों का पालन करे इस दौरान विद्यालय स्टाफ और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने आवास पर लगाया तिरंगा

**ठाकुरद्वारा।** हर घर तिरंगा अभियान के दौरान नगर के वांशिदों ने अपने घरो पर तिरंगा लगाकर अभियान को सफल बनाने की पहल की। बृहस्पतिवार को भाजपा नेता आशुतोष अग्रवाल के बेटे तरूषु अग्रवाल ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत अपने आवास पर तिरंगा लगाकर अभियान को सफल बनाने की पहल की। तरूषु अग्रवाल ने बताया कि शासनादेश पर अपने आवास पर तिरंगा लगाया और अपने आस पास में भी लोगों से तिरंगा लगाने का आहवान किया।

# भाजपा कार्यालय पर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला एवं महानगर कार्यालय पर पर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेंद्र अग्रवाल पूर्व सांसद मेरठ ने कहा कि 1947 में भारत के विभाजन के कारण इतिहास में सबसे बड़ा विस्थापन हुआ जिसमें डेढ़ करोड़ से अधिक लोग अपने पुश्तैनी घर बार छोड़ने पर मजबूर हुए अनुमा. नित 15 से 20 लाख लोगों की हत्या सांप्रदायिक नरसंहार में हुई हजारों माता बहनों का बलात्कार हुआ उनका अपहरण किया गया जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया और उन्हें सीमा पर बेच दिया गया अधिकांश कभी अपने परिवारों से भी नहीं मिल पाई दसको तक यह दर्दनाक कहानी ने बोली गई न लिखी गई और न ही सरक. ारी स्मृति का हिस्सा बनी इस दिन का पालन करना न्याय की दिशा में ऐतिहा. सिक कदम है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2021 को घोषणा की 14 अगस्त विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाएगा ताकि राष्ट्र उन पीड़ितों को श्रद्धांजलि दे जिन्हें भुला दिया गया था।जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने कहां विभाजन को शांतिपूर्ण प्रशासनिक विभाजन नहीं था यह रक्त रंजित सभ्यतागत आघात था पाकिस्तान से भारत आने वाली पूरी की पूरी ट्रेन लाशों से भारी आई थी पुरुषों के सिर काट दिए जाते थे महिलाओं को विकृत किया जाता बच्चों को बेरहमी से मार दिया जाता, लाहौर रावलपिंडी और मुल्तान जैसे शहर हिंदू सिखों से पूरी तरह खाली कर दिए गए / महानगर अध्यक्ष गिरिश भंडुला ने कहा विभाजन हमें याद दिलाता है कि अलगाववाद सांप्रदायिकता और तुष्टिकरण की राजनीति को पनपना देना कितना घातक है यह उन राजनीतिक विचारधाराओं के खिलाफ चेतावनी है जो धार्मिक पहचान को राष्ट्रीय एकता से ऊपर रखते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार विभाजन विभीषिका किस मिट्टी को संस्थागत कर रही है 14 अगस्त को आधिकारिक स्मरण विभाजन संग्रहालय, शरणार्थी परिवारों के लिए योजनाएं और जीवित बचे लोगों की गवाही का दस्तावेजीकरण एवं पीड़ित अल्पसंख्यकों के लिए नागरिकता संशोधन अधिनियम के माध्यम से कानूनी और नैतिक सहायता की जाएगी कार्यक्रम कार्यक्रम की अध्यक्षता खैराती लाल मल्होत्रा ने की कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महानगर सयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ शेफाली चौहान, मेयर विनोद अग्रवाल, जिला सहकारी चैयरमेन चो.विजय भान सिंह, पूजा राघव, रुचि चौधरी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## गन्ने में रोग व कीट नियंत्रण हेतु विभाग 200 ड्रोन से कर रहा उपचार

**मुरादाबाद।** वार्ता के दौरान उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद ने बताया कि प्रदेश के अपर मुख्य सचिव, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास वीना कुमारी की अध्यक्षता में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गन्ना फसल के संरक्षण एवं रोग-नियंत्रण विषय पर मुख्यालय स्तर पर दैनिक अनुश्रवण बैठक कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुई। इस बैठक में रोग व कीट से प्रभावित गन्ना फसल के आंकलन एवं त्वरित रोकथाम के लिए सभी परिक्षेत्रीय उप गन्ना आयुक्त, जिला गन्ना अधिकारियों एवं चीनी मिलों के प्रबन्धक, केन मैनेजर,फील्ड स्टाफ को प्रतिदिन क्षेत्र भ्रमण करने के कड़े निर्देश दिये गये। गन्ना विकास विभाग गन्ने से आच्छादित जनपदों में समस्त गन्ना उत्पादक कृषकों को अपनी फसल की सुरक्षा एवं उत्पादकता बनाए रखने हेतु निम्नलिखित सावधानियाँ व उपाय अपनाने की सलाह देता है। गन्ना विकास विभाग कृषकों को आश्वस्त करता है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसल बचाव, रोग एवं कीट नियंत्रण हेतु तकनीकी परामर्श, आवश्यक रसायन एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश के सभी गन्ना किसान भाईयों से अनुरोध है कि कीट व रोग के प्रभावी नियंत्रण हेतु अपने नजदीकी गन्ना समितियों, गन्ना विकास परिषदों, जिला गन्ना अधिकारी कार्यालयों में स्थापित हेल्पलाइन फोन नंबर पर सलाह हेतु संपर्क करें अथवा प्रदेश के मुख्यालय में स्थापित विभागीय टोल-फ्री नं0 18001213203 पर तत्काल सूचित कर सकते हैं।

## कोर्ट के आदेश पर महिला सहित आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** सरकारी हैंड पंप पानी भरने के दौरान आए दिन छेड़खानी में असली हरकत करने की शिकायत करने पर युवक ब उसके परिजनों द्वारा मारपीट करने के मामले में पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न करने पर युवती के परिजनों ने कोर्ट की शरण ली । कोर्ट के आदेशपर पुलिस ने महिला सहित आठ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कोतवाली क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर निवासी ने कोर्ट मे दिए शिकायती पत्र में कहा की घर के निकट कुछ दूरी पर सरकारी नल पर पानी लेने जाती थी इसी दौरान गांव का सम्मा उर्फ समर खाँ आए दिन उसकी बेटी के साथ छेड़खानी में अश्लील हरकतें करता था। जब बेटी में उसने इसकी शिकायत की तो आरोपी युवक व उसके परिजनों ने घर में घुसकर बेटी उसके साथ मारपीट की । पुलिस कोतहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की लेकिन पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्धकोई कार्यवाही न करते हुए उल्टे उनके परिवार के साथ झूठा मुक. दमा दर्ज कर लिया।

# रंगोली के माध्यम से देश के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** राजभवन के आदेशों एवं जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुल. पति के निर्देशानुसार महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. चारु मल्होत्रा के नेतृत्व में ष्हर घर तिरंगा अभियानष के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।प्राचार्या प्रो. चारु मल्होत्रा ने अपने संदेश में कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का आयोजन नहीं है, बल्कि यह एक सतत आदत है जिसे हम सभी को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से आग्रह किया कि वे अपने घर, विद्यालय और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएँ और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।प्राचार्य ने रंगोली में तिरंगे को महत्व व सम्मान प्रदान करने के साथ-साथ रंगोली के माध्यम से देश के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। तिरंगे पर केंद्रित रंगोली ने जनसमूह को राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करने तथा समस्त नागरिकों को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए जागरूक किया। साथ ही तिरंगा प्रदर्शनी के महत्व को बताते हुए उन्होंने छात्राओं को एकता का संदेश दिया।कार्यक्रम की दूसरी कड़ी के अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान मुंतहा ने, द्वितीय स्थान इफरा तृतीय स्थान आयुषी ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम की तृतीय कड़ी में तिरंगे की भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया एवं कलाकृतियों के माध्यम से छात्राओं ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रप्रेम का सशक्त संदेश प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित जनसमूह को जागरूकता एवं प्रेरणा मिली।

कार्यक्रम का संयोजन सांस्कृतिक समिति की संयोजिका प्रो. मीनाक्षी शर्मा, सह-संयोजिका प्रो. सुदेश कुमारी,प्रो. करुणा आनंद, प्रो. प्रवीन सैनी द्वारा किया गया, कार्यक्रम में महाविद्यालय की मुख्य अनुशासन का प्रोफेसर किरण साहू,प्रो. किरण त्रिपाठी, प्रो. अपर्णा जोशी, प्रो. अनुराधा सिंह डॉक्टर प्रज्ञा मित्तल, प्रो. वंदनापांडे, प्रो. सीमा अग्रवाल, सुधा सिंह प्रोफेसर आंचल गुप्ता डॉक्टर अपर्णा तिवारी डॉ मोनिका सिंह डॉक्टर सीमा रानी,प्रोफेसर एकता भाटिया,डॉ रितु निवाल, डॉ सुनीति सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और छात्राओं ने उत्साह पूर्वक सहयोग एवं सहभागिता की।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का जिला स्तरीय चुनाव

- देवेश शर्मा बने जिलाध्यक्ष और सुनील आर्य महामंत्री




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के राजा बाग कॉलोनी स्थित सभासद देवेश शर्मा के कार्यालय पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के भव्य व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री (महिला सभा) मोनिका यादव तथा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती यादव ने मंच से व्यापारी एकता और संगठन की मजबूती पर अपने विचार रखते हुए कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन को मजबूत और सक्रिय रहना आवश्यक है। उन्होंने इस अवसर पर जिला स्तरीय संगठन के चुनाव की प्रक्रिया भी संपन्न कराई। चुनाव के परिणामस्वरूप नगर के सभासद देवेश शर्मा एडवोकेट को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष चुना गया। वहीं सुनील आर्य को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही साथ सामाजिक कार्यकर्ता केके गुप्ता को पुन:प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया इसके अलावा नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष ध्रुव शर्मा, नगर महामंत्री संचिन गुप्ता, नगर अध्यक्ष (युवा): संदीप अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष नरेश शर्मा, जिला वरिष्ठ मंत्री यूनुस सेफी, जिला उपाध्यक्ष दिलशाद हुसैन, जिला मंत्री शमशुद्दीन, प्रवेश प्रजापति, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्रीकांत गुप्ता,ि ला महामंत्री: किशनलाल प्रजापति, मीडिया प्रभारी: नोमान जमाल। अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने करते हुए नए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि संगठन के माध्यम से व्यापारियों की आवाज को शासन-प्रशासन तक मजबूती से पहुंच. ाना प्राथमिकता होगी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष देवेश शर्मा ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय किया जाएगा और व्यापारियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि शेष पदाधिकारियों की सूची शीघ्र जारी की जाएगी।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी व्यापारियों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया और संगठन की एकजुटता का संदेश दिया।

## एक नजर

### बिना संस्कार के साधन भी बन जाते पतन का कारण: रामेश्वरानंद



**कांठ।** बिश्नोई मंदिर में संचालित हरि कथा के पांचवें दिन कथा वाचक स्वामी रामेश्वरानंद महाराज ने संस्कार पर विशेष ध्यान दिया उन्होंने कहा कि जीवन में संस्कार बहुत जरूरी होते हैं और बिना संस्कार के तो साधन भी पतन का कारण बन जाते हैं उन्होंने कहा कि संस्कारवान होना ही मानवता की पहचान है क्योंकि संस्कार से मनुष्य की पहचान होती है और संस्कार ही मानव को महान बनाता है। उन्होंने अनेक उदाहरण देकर लोगों को संस्कार के बारे में बताते हुए अपने-अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दिए जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर ऋषिकेश से पधारे स्वामी आचार्य कृष्णानंद जी जगद. वानंद जी शांतानंद जी चमन ऋषि सहित कुंबर सुरेंद्र सिंह दिलावर सिंह सीपी सिंह राम अवतार सिंह जगबीर सिंह जगराज सिंह मास्टर ऋषिराज सिंह सहित काफी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे मौजूद रहे। संचालन समाज सेवी श्री ओम विश्नोई द्वारा किया गया

## डंपर की टक्कर से कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त, कार सवार तीन चोटिल



**कांठ।** डंपर की टक्कर से एक्सयूवी कार क्षतिग्रस्त हो गई इसमें बैठे तीन लोग भी चोटिल हुए डम्पर की पहचान नहीं हो पाई है। घटना मोडी हजरतपुर मोड़ के पास सुबह करीब 6:00 बजे की है एक एसयूवी गाड़ी यूपी 21 सी जेड 2186 करनपुर की ओर से कांठ की तरफ आ रही थी जबकि इधर से एक डंपर करनपुर की ओर जा रहा था बताया गया कि डंपर ने कार को टक्कर मार दी जिसमें बैठे अर्पित पाराशरी पुत्र राहुल निवासी रामगंगा बिहार अरुण कुमार पुत्र मनोज कुमार निवासी लालापुर पीपलसाना और अभिषेक पुत्र सुशील कुमार निवासी लोदीपुर बिशनपुर चोटिल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया वहां से उन्हें छुट्टी दे दी गई सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और गाड़ी को बीच सड़क से किनारे कर दिया पुलिस अब डम्पर चालक की तलाश कर रही है।

## मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण के तहत साहुपुर में कृषक गोष्ठी का आयोजन




**कांठ।** मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गन्ना समिति कांठ की ओर से साहुपुर गांव में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मास्टर ट्रेनर गन्ना पर्यवेक्षकों द्वारा बीज एवं भूमि उपचार मिट्टी परीक्षण के अनुसार खाद्य उर्वरकों का प्रयोग करने स्वीकृत किस्म की बुवाई करने तथा कीट एवं बीमारियों की पहचान एवं रोकथाम के उपाय बताए गए। चीनी मिल स्योहारा के प्रतिनिधि हिमांशु चौधरी व राजीव चौधरी ने बाढ़ से गन्ना फसल के बचाव करने तथा रेड रोट बीमारी से प्रभावित मूढो को उखाड़कर ब्लीचिंग पाउडर डालने की सलाह दी। बताया कि ब्लीचिंग पाउडर चीनी मिल से फ्री मिल रहा है। गाना समिति के सचिव खेत सिंह ने बताया कि नए सदस्यों के आवेदन तथा उपज बढ़ोतरी के आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर है उन्होंने फार्म मशीनरी बैंक के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी।

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक द्वारा विभागीय योजनाओ बाढ़ से गन्ना के बचाव हेतु जल निकासी प्रबंधन तथा गाना बधाई पर जोर दिया गया। बाढ़ का पानी सूखने के बाद गन्ने की जड़ों के पास कार्बेडाजिम या थायोफिनेट मिथाइल वह एनपी के छिड़काव की जानकारी दी गई। गोष्ठी में सचिव गन्ना विकास समिति कांठ ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अगवानपुर चीनी मिल स्योहारा के प्रतिनिधि एवं गन्ना पर्यवेक्षक सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## कमाल अख्तर ने विधान सभा में उठाया मुरादाबाद में आई बाढ़ से किसानों के नुकसान का मुद्दा



**कांठ।** क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने विधानसभा में कहा कि भाजपा किसान हितैषी होने का दावा तो करती है लेकिन उसमें सब झूठ भरा हुआ है मुरादाबाद जिले के हजारों किसानों की फसलों को बाढ़ ने बर्बाद कर दिया है घरों में पानी भर गया है रहने के लिए छत नहीं है और पशुओं के लिए चारा नहीं है कई किसान अपने परिवार और मवेशियों के साथ खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं इस तबाही के बीच सरकार की तरफ से ना तो कोई राहत पैकेज दिया गया और ना ही एक रुपया किसानों को दिए जाने का ऐलान किया गया।

शिक्षा के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने 26000 स्कूल बंद करने का ऐलान कर प्रदेश के भविष्य को अंधेरे में धकेलने का काम किया है किसी भी प्रदेश की तरक्की शिक्षा से ही संभव है जब बच्चे पढ़ेंगे ही नहीं तो विकास कैसे कर पाएंगे उन्होंने भाजपा पर झूठ बोलने वादाखिलाफी करने और धर्म विशेष के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मुसलमान देश के लिए सबसे पहले जान देने को तैयार है।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैने अपने पुत्र शुभम् से गलत संगत में पड़ने और आए दिन मारपीट पर उतारू होने पर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये है। शुभम् के किसी भी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार के किसी अन्य सदस्य की कोई जिम्मेदारी नही होगी। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। महावीर सिंह पुत्र शिवचरण सिंह निवासी ग्राम मिलक अमावती तह. ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद

# श्रावणी पर्व पर वेद ज्ञान का महत्व बताया




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महिला आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर श्रावणी पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय वेद कथा के प्रथम दिन आचार्य अनुज शास्त्री ने डा अभय श्रोत्रिय -मीरा सोती, मथुरा प्रसाद आर्य -गायत्री देवी,राजेश नारंग -प्रभा नारंग,तथा रामलाल आर्य -चंद्रकिरण आर्य की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात कुलदीप आर्य ने परमपिता परमात्मा और वेद ज्ञान से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत किये। वेद कथा में जिला जज कामर्शियल कोर्ट, मुरादाबाद मुख्य अतिथि रही। वरिष्ठ समाजसेवी प्रिया अग्रवाल भी इस अवसर पर अतिथि के रुप में उपस्थित रही। अध्यक्षता जिला प्रधान अजब सिंह आर्य ने की। संचालन प्रभा नारंग ने की। इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार द्वारा अलंकृत आचार्य अनुज शास्त्री ने बताया कि परमपिता परमात्मा ने सृष्टि के आरंभ में जहां जीवों को जगत में रहने को अन्न दिया वहीं व्यवहारिक रूप जीवन पद्धति जीने के लिए ज्ञान के रुप में वेद दिया। वेद हमारे धर्म का आधार है। इसलिए वेद को सृष्टि का संविधान कहा जाता है। वेद में सृष्टि का समस्त ज्ञान समाहित है। महर्षि दयानंद सरस्वती के आने से पूर्व वेद ज्ञान विलुप्त था। उसके स्थान पर अनेक वेद के नाम पर ज्ञान की परंपराये प्रचलित थी। जहां वेद ज्ञान केवल पुरुषों तक ही सिमित था महिलाओ को शुद्र बताकर वेद ज्ञान से दूर रखा। महर्षि दयानंद सरस्वती ने आकर महिलाओं को वेद ज्ञान की पुरुषों के समान अधिकारी बताया। यही कारण है कि देश विदेश में वैदिक व्यवस्था के अनुसार अनेक कन्या गुरुकुल संचा. लित है। बेटियां सब क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। वेद का ज्ञान पक्षपात रहित है। जो महर्षि दयानंद सरस्वती ने ही महिलाओं को अधिकार दिवाकर सिद्ध किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ममता गुप्ता ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती की ही देन है जो आज हम महिलाएं स्वतंत्रता पूर्वक पढ़कर धार्मिक ज्ञान का अर्जन कर रही है।वेद सत्य का, नैतिकता का, परोपक. ार का आधार है। इस अवसर पर ज्ञानेंद्र गांधी वी के अग्रवाल, धन्नो गुप्ता, कुसुम आर्य उषा गुप्ता सुदेश आर्य सविता सिंहल, कमलेश गोयल रक्षा गोयल,प्रीता आर्य, निर्मल आर्य,भावना रुहेला वीना आर्य,आशा गुप्ता रमेश सिंह आर्य, संदीप त्रिवेदी विजयनंद लो. केश आर्य ऋषिपाल यादव, आचार्य भूपेंद्र शास्त्री पं लालकिशौर शास्त्री यशपाल आर्य प्रभा आर्य, कपिल आर्य रमाशंकर आर्य वेदमुनि निहाल सिंह प्रज्ञाशु आर्य आदि उपस्थित रहे।

## 11 परिंदे उड़ाकर आजम खान का मनाया जन्मदिन



**मुरादाबाद।** मोहम्मद आजम खान समाजवादी पार्टी, संस्थापक जौहर यूनिवर्सिटी के बानी का यामें पैदाइश पर गलशहीद के तारिक चौराहा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे आजमवादी पूर्व नामित पार्षद मोहम्मद सुहेल खा के वालिद जनाब मोहम्मद महफूज खा ने कबूतर उड़ाकर आजम खान के लिए दुआ कराई हाफिज अंजार साहब ने व सुहेल खा ने 11 परिंदो को पिंजरे से आजाद कराकर खुले आसमान में आजाद कर दिया। कार्यक्रम में मौजुद सभी लोगों ने आजम खान के लिये दुआ की। कार्यक्रम में मोहम्मद महफूज खा, हाफिज अंजार सीताराम, आसिफ खा, सुहेल खा, गुलवेज खा,आंशु,आसिफ आदि काफी लोग मौजूद रहे।

# पुलिस व परिवहन विभाग रोड किनारे वाहनों की अभियान चलाकर करेंगे चेकिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में प्रमुख एजेंडे पर चर्चा की गई। डीएम ने रोड सैफटी को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में आयोजित बैठक में जल निगम ग्रामीण द्वारा पेयजल पाईपलाइन के लिए काटे गये मार्गों को पुनस्थापित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने संबंधित अधिकारियों को जल निगम की योजनाओं को टीम बनाकर चैक करने के निर्देश दिए।जबकि खनन निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि चेक पोस्ट बनवाए जाएं एवं अगले माह कार्य पूर्ण करते हुए उनका शुभारंभ किया जाए। चेक पोस्ट पर प्रत्येक दशा में सीसीटीवी कैमरा भी लगाए जाएं। मार्गो के किनारे खड़े होने वाले वाहनों के चालान आदि की जानकारी प्राप्त की गई एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग पर डिवाइडर को लेकर भी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। एआरटीओ ने बताया कि परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से मार्गो के किनारे खड़े वाहनों के विरुद्ध एक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिसको लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रोड़ पर अतिक्रमण किसी भी दशा में ना हो कि प्रत्येक दिशा में देख लें। उन्होंने कहा कि जनपद में स्कूल वाहन की फिटनेस को चेक किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा एवं आलोक भाटी, सिटी मजिस्ट्रेट सम्भल सुधीर कुमार, एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी, लोक निर्माण विभाग एक्सईएन सुनील प्रकाश आदि मौजूद रहे।




सम्भल-स्वतंत्रता दिवस से पूर्व तिरंगा रैली निकालते भारतीय सदभावना मंच गौ प्रकोष्ठ के राष्ट्रीयश संयोजक हाजी नुसरत इलाही व तिरंगो का वितरण कर देश भक्ति की अलख जगाते पूर्व चेयरमैन नगर पालिका परिषद।

# पूव चेयरमैन हाजी नुसरत ने जगाई देश भक्ति की अलख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** स्वतंत्रता दिवस से पूर्व तिरंगा रैली निकालकर आज़ादी के मतवालो को याद याद किया और देश भक्ति से ओत प्रोत नारों संग तिरंगों का वितरण कर राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत हर घर तिरंगा लगाने को प्रेरित किया।

गुरूवार को भारतीय सद्भावना मंच गौ प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी नुसरत इलाही के कार्यालय सिरसी रेलवे क्रॉसिंग स्थित कोल्ड स्टोर पर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। कार्यालय से शुरू हुई रैली में शामिल दर्जनों कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ महिलाओं ने भाग लेकरआज़ादी के मतवालों को याद किया। देश

**०तिरंगा रैली निकालकर राहगीरों वाहन सवारों को तिरंगों का किया वितरण**

भक्ति से ओत-प्रात नारों सं निकली तिरंगा रैली मुरादाबाद सम्भल मार्ग पर पहुंचे। रैली का नेतृत्व कर रहे पूर्व चैयरमेन हाजी नुसरत इलाही ने मुरादाबाद सम्भल मार्ग से गुजर रहे वाहन सवारों को रोक कर तिरंगों का वितरण कर हर घर और अपने प्रतिष्ठानों व दुकानों पर तिरंगा लगाकर राष्ट्रीय पर्व को बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाने को प्रेरित किया। उन्होने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश की आज़ादी सबसे बड़ा पर्व है। इस पर्व बड़े ही उल्लास के साथ मनाना चाहिये। उन्होने कहा कि विकसित भारत की जो तस्वीर है उससे विरोधी बौखलाये हुए है। लेकिन देश के कर्णधार देश की तरफ उठने वाली हर आंख को उसी की भाषा में जवाब देना जानते हैं।इस मौके पर पूर्व सभासद, अहसान तुर्की, मौहम्मद चॉंद, जावेद, अमित कुमार, महबूब, अनीस, शारिक कुरैशी, समेत दर्जनों लोग व महिलाएं शामिल रहीं।

## विभाजन की सोच अभी भी जिंदा: देवेन्द्र सिंह

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय एकता विहार कालोनी सम्भल पर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की शुरूआत भारतमाता, दीनदयाल उपाधयाय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि मान सिह गोस्वामी रहे। देवेन्द्र सिंह ने कहा कि विभाजन की सोच अभी जिंदा है।सर तन से जुदा जेसे आंदोलन, अलग कानून और विशेषाधिकार की मांगें इसी कड़ी का हिस्सा है

# कल्किधाम पहुंचे बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक ने किया पूजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** श्री कल्कि धाम पहुंचे बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने प्रधानमंत्री द्वारा पूजित कूर्म शिला के दर्शन किये। जबकि कल्कि धाम निर्माणार्थ शिलादान भी किया इस अवसर पर नीरज दौनेरिया ने कहा कि श्री कल्कि पीठाधीवर आचार्य प्रमोद कृष्णम के संकल्प को समर्थन देते हूँ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां पर श्री कल्कि धाम का शिलान्यास किया। उन्होने कहा कि सनातन ध्वज को अविरल फहराने में श्री कल्किधाम भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्री कल्कि नारायण की जन्मस्थली पर बननेपर आचार्य प्रमोद कृष्णम का आभार व्यक्त करता हूं तथा श्री कल्कि धाम निर्माण के लिए यथायोग्य सहयोग का विश्वास दिलाता हूं।

# जनपद में तीन लाइसेंस निरस्त और दो पर की जा चुकी है एफआईआर

**०उर्वरक व यूरिया को लेकर ली बैठक**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** उर्वरक व यूरिया को लेकर मीडिया की सुर्खियां बनी हुई हैं। कालाबाजारी ओर निर्धारित मूल्य से अधिक में बिक्री की लगातार मिल रही शिकायतों पर एडीएम और मुख्य विकास अधिकारी ने संयुक्त रूप से जिला कृषि अधिकारी और ए आर कोआपरेटिव के साथ बैठक आहूत की।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा और मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने उर्वरक की उपलब्धता वितरण एवं प्रवर्तन को लेकर जिला कृषि अधिकारी, ए. आर. को ऑपरेटिव के साथ में जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में यूरिया 10075 मेट्रिक टन , डी.ए.पी. 3951 मेट्रिक टन, एन. पी.के. 11845 मेट्रिक टन उपलब्ध है। उन्होने बताया कि उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया की सभी विक्रेता खतौनी प्राप्त कर ही यूरिया वितरण करे। कृषकों को 1 हेक्टेयर पर 5 बैग तक, 1 एकड़ भूमि धारक को 2 बैग और 1 एकड़ से कम भूमि धारक को 1 बैग देना सुनिश्चित करे। उन्होने बताया कि टॉप 20 बायर्स में जुलाई माह में तीन दुकान दारों का नाम प्रकाश में आया। जिसमें किसान सेवा केंद्र-कादराबाद,अशरफी खाद स्टोर संभल, के. के. जी. एस. एग्री जंक्शन केंद्र, राजपुरा। उक्त तीनो फर्मों का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। जबकि गत माह में भी 4 दुकानदारों का लाइसेंस रद्द किया गया था। जनपद में गत दो माह में सात लाइसेंस निरस्त कर दिये गए है। इसके साथ ही जो क्रेता हैं उनकी जांच शुरू हो गई है। उक्त दुकानों से 40 बोरे खाद व्यक्तियों को दिया गया है जिनका नाम कुंवरपाल, अखिलेश कुमारी और मिंजर हुसैन है उक्त दलालो और बिचौलीयों पर भी कार्यवाही होनी है। इसके अतिरक्त 7 लाइसेंस निलम्बित किया गया है और 15 नोटिस जारी किया गया है। साथ ही इस माह में 2 दुकानदारों पर एफ. आई. आर. की कार्यवाही की गई है जिनमें एक का उर्वरक नमूना अधोमानक पाया गया है और दूसरा दुकानदार के द्वारा निधारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक की बिक्री की जा रही थी गत माह भी दो लोगो पर एफ. आई. आर. कि कार्यवाही की गई थी। अधिकारियों के द्वारा निजी और सहकारिता पर उपस्थित हो कर उर्वरकों का विक्रय कराया जा रहा है ताकि कृषकों को कोई असुविधा ना हो। सभी सहकारिता वि - पैक्स सुबह 9.00 बजे से ही उर्वरक वितरण प्रारम्भ करते हैं। सभी विक्रेता स्टॉक बोर्ड के अतिरिक्त अपनी दुकान पर बैनर के माध्यम से उर्वरक की उपलब्धता , मात्र और मूल्य का विवरण अंकित करना सुनिश्चित सभी विक्रेताओं को कषकों के जोत और वैज्ञानिक संस्तुति धान 120,60,60 के आधार पर उर्वरक देने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होने बताया कि कृषकों के द्वारा डी.ए.पी. अथवा एन.पी.के. का क्रय आलू के लिये अभी से ना किया जाए होल्डिंग करने पर क्रेता और विक्रेता दोनों पर कार्यवाही की जाने की चेतावनी दी। इसी के साथ मुख्य विकास अधिकारी ने सहकारी समितियों को नियमानुसार उर्वरक वितरण हेतु निर्देशित किया गया किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो और ना तो पक्षपात पूर्ण वितरण किया जाए अन्यथा एफ. आई. आर. की करवाई की जाएगी। जनपद में सहकारिता के उर्वरक वितरण में भागीदारी को बड़ाया गया है।

# सर्वे कार्य से दूर रखने को पंचायत सहायकों ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** एग्रीस्टैक डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य करने में पंचायत सहायकों की असमर्थता एवं इस कार्य से पृथक किए जाने को लेकर ज्ञापन सहायक विकास अधिकारी गुन्नौर को सौंपा।

ज्ञापन में 30 जुलाई 2025 को शासनादेश के माध्यम से खरीफ मौसम 2025 से ई-खसरा पड़ताल (डीसीएस) अंतर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य लेखपालों के स्थान पर प्राइवेट सर्वेयरों द्वारा संपन्न कराए जाने का निर्देश निर्गत किया गया है।उक्त निर्णय के अनुपालन में कृषि विभाग द्वारा जिलाधिकारियों के माध्यम से सर्वेयरों का चयन एवं उनके मानदेय/प्रोत्साहन की व्यवस्था की जा रही है, जिसका व्ययभार भी कृषि विभाग वहन करेगा। उल्लेखनीय है कि आदेश में पंचायत सहायकों को भी सर्वेयर के रूप में योजित किए जाने की संभावना व्यक्त की गई है। इस संबंध में पंचायत सहायक यूनियन उत्तर प्रदेश अपना कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए यह स्पष्ट करना चाहती है कि पंचायत सहायक निम्नलिखित ठोस कारणों के आधार पर उक्त कार्य को संपादित करने में पूर्णतः असमर्थ हैं। पंचायत सहायकों द्वारा क्रॉप सर्वे कार्य न कर पाने के प्रमुख कारण उचित तकनीकी संसाधनों मोबाइल ाोन आदि का अभाव है। अधिकांश पंचायत सहायकों के पास उचित क्षमता का स्मार्टफोन या जीपीएस सपोर्टेड मोबाइल उपकरण नहीं हैं, जो इस कार्य हेतु आवश्यक है। एकल कर्मचारी व्यवस्थाः पंचायत सहायक ग्राम पंचायत सचिवालय का एकमात्र कर्मचारी है। उसके फील्ड में जाने से सचिवालय का संचालन बाधित होता है। कार्य का विभागीय असामंजस्यः एग्रीस्टेक क्रॉप सर्वे पूर्णतः कृषि विभाग का कार्य है। यह पंचायती राज विभाग कीनियमित कार्यसूची में सम्मिलित नहीं है। प्रोत्साहन राशि अत्यंत न्यूनतम है। प्रति गाटा या प्रति प्लॉट के हिसाब से जो राशि प्रस्तावित है वह अत्यंत अल्प है।



सम्भल- पूर्व काबीना मंत्री आजम खां का जन्म दिवस मनाते सपाई।

# आजम खां पर द्वेषपूर्ण बदले की भावना से की गई कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सपा नेता एवं पूर्व सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री व पूर्व सांसद आजम खां के जन्म दिन के काटकर मनाया और उनके दीर्घायु व जेल से जल्द रिहा होने की कामना की।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज खां के निज कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में फिरोज खां ने कहा कि उ.प्र. के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व सांसद मौ. आजम खाँ पर निराधार झूठे, मनगणन्त मुकदमे तथा फर्जी कानूनी कार्यवाही की जा रही है। मौ. आजम खाँ पर जनपद रामपुर उ.प्र. के प्रशासन द्वारा लगभग 180 फर्जी, झूठे एवं निराधार मुकदमे लगाये गये। उन्होने कहा कि द्वेष की भावना से प्रशासन एवं पुलिस की सांठ-गांठ व मिलीभगत में सरासर फर्जी मनगणन्त मुकदमों में सजा दिलाई जा रही है। उन्होने खेद का विषय बताते हुए कहा कि शासन एवं प्रशासन की यह द्वेषपूर्ण एवं बदले की कार्यवाही है।उन्होने कहा कि मौ. आजम खाँ एवं उनके परिवार के विरूद्व फर्जी एवं झूठे मुकदमे कायम करके पूरे परिवार को प्रताड़ित करने एवं निराधार व मनमानी कार्यवाही के जरिये सजा दिलाने क षडयंत्र में मण्डल एवं जनपद के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों का षडयंत्र है जो कि मौ. आजम खाँ की छवि एवं राजनीति को धूमिल करके नुकसान पहुँचाने के इरादे रखते हैं। मण्डल एवं जनपद के कुछ अधिकारियों के इसी द्वेषपूर्ण रवैये एवं साजिश के कारण आजम खाँ दो सालों से अधिक समय से जेल में है।



सम्भल- ग्रम कैल में बिजली चोरी छापामार अभियान के दौरान गांव का भ्रमण करते डीएम व एसपी।

# गुन्नौर बार चुनाव समिति का किया गया गठन

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर के वर्ष 2025-26 के चुनाव के लिए सर्वसम्मति से चुनाव आयोग का गठन कर मुख्य चुनाव आयुक्त धनेश चंद्र गौड़ को नियुक्त किया है। इनके अलावा दो सहायक निर्वाचन अधिकारी भी होंगे।

गुरुवार को बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर की एक जनरल मीटिंग बुलाई गई।जिसमें पूर्व कार्यकारिणी से आगामी 20 अगस्त को आय-व्यय का व्योरा देने को अध्यक्ष कैलाश यादव को निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही तमाम अधिवक्ताओं की उपस्थिति में आगामी वर्ष 2025-26 की कार्यकारिणी के चुनाव के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी धनेश चंद्र गौड़ को नियुक्त किया है। उनके सहायक में अलमास मियां व राजेंद्र सिंह यादव को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किय।

# डीएम-एसपी की मौजूदगी में छापे में पकड़ी बिजली चोरी

**०गांव कैल में बड़े पैमाने पर की जा रही थी बिजली चोरी**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में बिजली चोरों के विरूद्व अभियान चलाया गया। इस दौरान गुन्नौर तहसील क्षेत्र के कैल गांव में विद्युत विभाग की टीम को बड़ी मात्रा में कटिया डालकर विद्युत चोरी पकड़ी गयी।

गुरुवार को भोर में बिजली चोरी के विरुद्व चलाये जा रहे अभियान में डीएम डा. राजेन्द्र पैंसिया व एसपी के के विशनोई गुन्नौर तहसील के ग्राम कैल में स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान 5000 से अधिक विद्युत कनेक्शन मिले, लेकिन इनमें मात्र 148 लोगों ने ही अपना बिजली बिल जमा किया था। स्थलीय निरीक्षण के दौरानं डीएम, एसपी ने बिजली चोरी के विरुद्व चलाये जा रहे अभियान के दौरान पाया कि गांव में आटा चक्की से लेकर जिओ टावर आदि पर कटिया डालकर चोरी से बिजली चलती पायी गयी। जिलाधिकारी ने तत्काल अभियोग पंजीकृत करने के के निर्देश दिये जबकि गांव तीन मंजिल मकान पर लगे जिओ के टावर से सीधे कटिया डालकर बिजली चोरी की जा रही थी, जबकि ट्रांसफार्मर से भी तार आदि डालकर चोरी की जा रही थी। बता दें कि कैल गुन्नौर क्षेत्र का लगभग बीस हजार की जनसंख्या वाला गांव है, जहां आज भी कई घरों में बिजली के कनेक्शन नहीं थे। लेकिन बिजली जलती हुई मिली। विद्युत विभाग ने बकाया बिल जमा नहीं करने पर काफी समय पहले विद्युत कनेक्शन काट दिए हैं उसके बाद भी घरों के अंदर निरंतर बिजली की आपूर्ति हो रही थी। विद्युत चोरी के विरुद्व हुई छापमार कार्रवाई में जिले के डीएम ने तत्काल सख्त कार्रवाई करने क निर्देश दिए।

## लाइन लॉस वाले हर गांव में होगी चेकिंग: डीएम

**०कैल गांव में 2.67 प्रतिशत लोगों के ही बिला जमा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कैल गांव में 5,163 घरों में से मात्र 2.67 प्रतिशत लोगों का ही बिल जमा है। ग्रामीण पर बिजली बिल का लगभग 2 करोड़ से अधिक बकाया है। बिजली की खपत के साथ जल का भी दोहन करते हैं। गांव के रास्ते में भी अधिक पानी के दुरुपयोग के चलते कीचड़ भरा होता है। गांव में देखा तो अधिकांश लोगों के घरों में मोटर लगी थीं। बिजली के साथ-साथ पानी का भी दोहन किया जा रहा है। गांव के रास्ते पर भी कीचड़ भर गया है। जिससे जल दोहन की भी समस्या बन रही है। हमारे द्वारा बिजली का अधिक लाइन लॉस होने वाले प्रत्येक गांव में जाकर चेकिंग की जाएगी। अभी इस गांव में लगभग 40 से 50 जगह कार्रवाई की गई है। जहां इसी गांव में अभी 4 से 5 दिन और निरंतर कार्यवाही की जाएगी।

## कैल में चैकिंग करने जाने से डरते थे बिजली कर्मचारी

**०कर्मचरियों पर छेड़-छाड़ व मारपीट के लगते थे आरोप**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बिजली खपत की समस्या को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों की शिकायत पर जिलाधिकारी संग निरीक्षण किया गया। बिजली विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा गांव में जाने में असमर्थता जताई गई थी। क्योंकि बिजली चेकिंग के दौरान ग्रामीण उनके साथ मारपीट की घटना को अंजाम देते थे तथा महिलाओं को आगे कर मारपीट भी करते थे और छेड़छाड़ जैसी घटनाओं का आरोप लगाते थे। इसलिए बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी और हमारे द्वारा बिजली चेकिंग की गई है। जहां केवल 2 प्रतिशत लोगों के ही बिल जमा हैं। जबकि 5000 से अधिक घरों में बिजली संचालित है।

# विभाजन विभिषिका के पीछे थी नफरत की सोच: केके विशनोई

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विभाजन विभीषिका के प्रत्यक्षदर्शी का दर्द छलका। कार्यक्रम में पूर्व सरकारी सेवा में कार्यरत रहे 95 वर्षीय अजीत महाजन रहे।

हिंद इंटर कॉलेज की फील्ड में आयोजित कार्यक्रम के अन्तर्गत विभाजन विभीषिका में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले देश के सपूतों की याद में 2 मिनट का मौन धारण किया गया। कस्तूरबा गांधा बालिका विद्यालय आवासीय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।जबकि विभाजन में विस्थापित हुए 40 परिवारों के सदस्यों को सम्मान किया गया। इसके अलावा भारत पाकिस्तान विभाजन विभीषिका से संबंधित लघु फिल्म डाक्यूमेंट्री को विभाजन विभीषिका में विस्थापित परिवारों के सदस्यों, छात्र एवं छात्राओं एवं लोगों द्वारा



सम्भल- विभाजन की विभीषिका दिवस पर कार्यक्रम पेश करती छात्राये।

देखा गया। विभाजन विभीषिका से विस्थापित परिवारों के सदस्य परीक्षित मोगिया, सतीश अरोड़ा, सत्यनारायण अरोड़ा,ने विभाजन विभीषिका से संबंधित अपने अनुभव साझा किये। सुधीर मल्होत्रा ने भी अपने संस्मरण सुनाए। मुफ्ती आलम नूरी ने कहा कि देश कि आजादी की लड़ाई में हिन्दूओं एवं मुस्लिमों ने बढ चढ कर हिस्सा लिया था। सम्भल नगर पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि मुशीर खां भूतपूर्व सैनिक गोपाल सिंह ने भी संबोधित किया। पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव ने कहा कि धर्म का अर्थ आपस में मिलकर रहना होता है, हम सभी लोग आपस में एक हैं। केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा चलायी जा रही योजनाओं में कोई भी भेदभाव नही किया जाता है। पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ने कहा कि एक अंग्रेज अधिकारी द्वारा नक्शे पर एक लकीर खींच कर भारत और पाकिस्तान बना दिये गये। विभाजन के समय लाखों लोग अपने घरों एवं रिश्तेदारी में तक नहीं पहुंच पाए थे यही विभीषिका थी। इस विभीषिका के पीछे नफरत की सोच थी। हमारी सोच में सबसे पहले राष्ट्र रहना चाहिए। जो लोग देश में नफरत के बीज बोते हैं उनको चिन्हित करें ताकि भविष्य में वैसा दिन फिर से ना आए।उन्होने कहा कि अमन, भाईचारा एवं एकता के मार्ग पर चलते रहना होगा तथा देश के विकास के लिए सोचना होगा। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि 14 अगस्त 1947 विभाजन के समय एक ऐसी त्रासदी हुई जोकि गत सदी की सबसे बड़ी हिंसा थी। जो देश को तोड़ने वाली शक्तियां हैं घृणा फैलाने वाली शक्तियां हैं उनको हमें मिलकर नष्ट करना चाहिए। देश को जोड़ने वाली शक्तियों को हमें जोड़ना भी चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाजन के समय अपनी सारी सम्पत्ति छोड़कर आने वाले तथा रिक्शा एवं मजदूरी कर अपना जीवन यापन किया उन्होंने देश के बड़े बड़े पदों को भी सुशोभित किया या कर रहे हैं ये उनके उत्साह को, उनकी उमंग को, उनके साहस को प्रणाम करने का दिन है। जिलाधिकारी ने कहा कि आज कि पीढी को राम मनोहर लोहिया जी की पुस्तक भारत विभाजन के गुनहगार को आवश्य पढना चाहिए। उन्होंने मुस्लिम बंधुओं से अनुरोधा किया कि वह विद्यालय के समय बच्चों को अवश्य विद्यालय भेजें भारत हम सब का है हम भारतीय हैं हमारी संस्कृति साझी संस्कृति है और हम सभी को भारत देश को मिलकर आगे बढ़ाना है। जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव ने कहा कि किसी के भी कट्टरपंथ की ओर बढने पर विनाश ही होता है। बच्चों को अच्छी तालीम देनी चाहिए। एपीजे अब्दुल कलाम के रास्ते पर चलना चाहिए हम शिक्षा एवं तकनीकी तथा ज्ञान की ओर बढकर देश को मजबूत कर सकते हैं। कार्यक्रम में विभाजन विभीषिका में विस्थापित हुए परिवारजनों के सदस्यों को शॉल ओढाकर एवं पुस्तक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार उप जिलाधिकारी विकास चंद्र, एवं ई ओ डा. मणिभूषण तिवारी एवं पूर्व एम. एल. सी परमेश्वर लाल सैनी, हर गोविन्द छावडा आदि मौजूद रहे। रहे।


**सम्बंध-विच्छेद**

मैने अपने पुत्र यावर खान से उसके समाज विरोधी चाल-चलन व आये दिन लड़ाई-झगड़ों व समाज विरोधी कार्यो से तंग आकर मैने व मेरे परिवार ने अपनी समस्त चल व अचल सम्पतित से बेदखल कर सभी तरह के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। अब मेरा व मेरे परिवार का यावर खान के किसी भी कार्य से कोई लेना-देना नहीं है। बल्कि यावर खान अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगां मेरा व मेरे परिवार किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होगा।

**मौ. आमिर पुत्र श्री हजरत नूर**
नि. 242 नवाब खेल सरायतरीन थाना हयात नगर तह. व जिल सम्भल।

# भव्य तिरंगा यात्रा से गूंजा हाईवे

■ हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता का संदेश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर में स्वतंत्रता दिवस के जश्न की रौनक गुरुवार को देखने को मिली। पूरे देश में चल रही तिरंगा यात्राओं की श्रृंखला के तहसील बिलारी में एसडीएम विनय कुमार सिंह, तहसीलदार धीरेश कुमार सिंह के निर्देशन में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में तहसील बिलारी का स्टाफ, बार के अधिवक्ता, थाना बिलारी के पुलिसकर्मी, पत्रकार, स्कूली बच्चे और एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गुरुवार को तहसील परिसर के बाहर स्थित सेल्फी पॉइंट पर तिरंगा यात्रा में शामिल लोग एकत्रित हुए। डीजे पर बजते देशभक्ति गीतों के बीच यह यात्रा मुरादाबाद रोड की ओर रवाना हुई। यात्रा के दौरान एसडीएम विनय कुमार सिंह ने देश के शहीदों को नमन करते हुए जोशीले नारे लगाए। पत्रकारों, बच्चों, लेखपालों और पुलिस कर्मियों में आजादी का जोश साफ झलक रहा था। सभी के हाथों में लहराते तिरंगे और ष्भारत माता की जयष के गगनभेदी जयकारों से हाईवे गूंज उठा।गांधी पार्क से होकर यह यात्रा पुनः तहसील परिसर में आकर समाप्त हुई। जहां आजादी के इस पर्व पर सभी को मिष्ठान वितरित किया गया। यात्रा के दौरान ष्हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताष का संदेश भी दिया गया। तिरंगा यात्रा में नायब तहसीलदार विजय श्रीवास्तव, कस्बा लेखपाल मनीष कुमार, राजस्व निरीक्षक अकबर अली, राजीव प्रभाकर, लेखपाल संघ अध्यक्ष शिवकुमार,मंत्री फहीम हुसैन, अधिवक्ताओं में सुनील कुमार, अजय पाल सिंह, आफाक हुसैन, प्रमोद शर्मा,अतुल शर्मा, एसडीएम कार्यालय से पेशकार चांदनी, दिनेश कुमार, उस्मान कौसर, कंप्यूटर ऑपरेटर शुभम, निजाम, सरताज, शादाब, बिलारी कोतवाली से इंस्पेक्टर अमरनाथ वर्मा, सब इंस्पेक्टर अर्जुन सिंह, कस्बा इंचार्ज अमित कुमार, कांस्टेबल सचिन व मोहित, नोमान जमाल, किसान पब्लिक इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स व सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र, नगर से समाजसेवी संजय सक्सेना, रोहन देव, सामाजिक मण्डल अध्यक्ष विकास गुप्ता और भाजपा के अभिषेक जैन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'पीएम जन आरोग्य योजना' विषय पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के अनुपालन में 2/9 यूपी गर्ल्स बटालियन और 2/24 ब्वॉयज बटालियन एनसीसी की ओर से 'आयुष्मान भारत अभियान' के अंतर्गत पीएम जन आरोग्य योजना से संबंधित एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने संगोष्ठी के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस संगोष्ठी में आईएफटीएम विश्वविद्यालय के साहू ओंकार सरन स्कूल ऑफ फार्मेसी के निदेशक व अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा मुख्य वक्ता के रूप में रहे। मुख्य वक्ता डॉ. मिश्रा ने अपने वक्तव्य में जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश स्तर पर आमजन को महंगी और जटिल मेडिकल सुविधाओं को सरलता और सुगमता से पहुंचने की यह पहल सराहनीय है। उन्होंने यह भी बताया कि जिन लोगों के पास महंगी दवाई लेने व महंगी चिकित्सा वहन करने के पर्याप्त संसाधन नहीं है, उनके लिए जन आरोग्य सेवाओं ने उचित चिकित्सीय व्यवस्था के द्वार खोल दिए हैं। इस मौके पर कार्यक्रम की संयोजिका व एनसीसी की मानद मेजर डॉ. राजकुमारी सिंह ने सभी एनसीसी कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। वहीं स्कूल का साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे और संगोष्ठी की शोभा बढ़ाई। संगोष्ठी के सफल आयोजन में कार्यक्रम के आयोजन सचिव व एनसीसी के केयर टेकर सुश्री रश्मि पाण्डेय एवं श्री शनि कुमार की मुख्य भूमिका रही। संगाोष्ठी के दौरान 50 से अधिक एनसीसी के गर्ल्स एवं ब्वॉयज कैडेट्स ने बढ़-चढकर प्रतिभाग किया

## धर्म जागरण समिति ने मनाया धर्म रक्षाबंधन उत्सव

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की धार्मिक गतिविधि के अंतर्गत धर्म जागरण समिति द्वारा नगर के मोहल्ला सीकरी गेट एवं सैमर टोला में धर्म रक्षाबंधन उत्सव का कार्यक्रम सामाजिक सद्भाव के साथ मनाया गया। परिचय वार्ता और रक्षा सूत्र बांधने के बाद डॉ. जयशंकर दुबे ने कहा कि धर्म रक्षाबंधन के कार्यक्रम से परस्पर एकता की भावना मजबूत होती है तथा राष्ट्र प्रेम बढ़ता है। राजेश कुमार ने कहा कि रक्षा सूत्र बांधना हमारी परंपरा है, परस्पर सद्भाव के लिए यह आवश्यक है। नगर संयोजक हरीश कठेरिया ने प्रांत से आए पत्रक को पढ़कर सुनाया और कहा कि नगर में कई स्थानों पर धर्म रक्षाबंधन के कार्यक्रम मनाए गए हैं। अंत में भारत माता की आरती की गई। इस अवसर पर वर्षा गर्ग, रमन शर्मा, प्रवीण कुमार, आकाशदीप, ज्योति शर्मा, सत्येंद्र सिंह, मिलन कुमार, स्वाति आदि उपस्थित रहे।

# टीएमयू में जोश-ए-जुनून से निकली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की तिरंगा यात्रा देशभक्ति के नारों और तरानों से सराबोर रही। हाथों में तिरंगा और लबों पर वंदे मातरम, भारत माता की जय, इंकलाब जिंदाबाद सरीखे नारे मौसम की आंख मिचौली के बीच बार-बार बुलंद होते रहे। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने चौथी तिरंगा यात्रा में शामिल होकर स्टुडेंट्स में वंदे मातरम सरीखे जोशीले नारों से देशभक्ति का जज्बा पैदा किया। कुलाधिपति के संग-संग वीसी प्रो. वीके जैन समेत टीएमयू के आला अफसरों का अनुसरण करते हुए बार-बार हवा में लहराते झंडे, कतारबद्ध सैकड़ों छात्र-छात्राओं की अनुशासित मौजूदगी रही। तिरंगा यात्रा में दोनों छोर पर हाथों में नामचीन क्रांतिकारियों- लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल, चन्द्रशेखर आजाद, सुभाष चंद्र बोस, लाला लाजपत राय, सरोजनी नायडू, मदन मोहन मालवीय की तस्वीरें प्रतिभागियों की हौसला अफजाई कर रही थीं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में डांडी यात्रा की तस्वीर आकर्षण का केन्द्र रही। तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग पर बड़ी संख्या में यूनिवर्सिटी के स्टुडेंट्स एकत्र हुए। यहीं से कुलाधिपति के नेतृत्व में दोपहर तीन बजे तिरंगा यात्रा का देशभक्ति के गगनचुंबी नारों के बीच शुभारम्भ हुआ। यह पैदल तिरंगा यात्रा एग्जामिनेशन बिल्डिंग, टेंक पार्क होते हुए क्लॉक टावर पर सामूहिक राष्ट्रगान के संग समाप्त हुई। डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह के संयोजकत्व में निकली तिरंगा यात्रा का संचालन डॉ. माधव शर्मा ने किया।

तिरंगा यात्रा में निदेशक प्रशासन श्री अभिषेक कपूर, श्री विपिन जैन, प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्रो. एसके सिंह, प्रो. निशीथ कुमार मिश्रा, प्रो. जेसलीन एम. , प्रो. नवनीत कुमार, प्रो. शिवानी एम. कौल, डॉ. वैभव रस्तोगी, डॉ. रत्नेश जैन, प्रो. जितेन्द्र सिंह, डॉ. सपना सिंह, डॉ. विनोद जैन, श्री आरपी गुप्ता, श्री रवि कुमार, श्री दीपक मलिक, श्री गौरव कुमार, श्री हरीश शर्मा, श्री बैजनाथ दास, श्री दीपक विश्वकर्मा आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। तिरंगा यात्रा के दौरान स्टुडेंट्स में सेल्फी लेने की होड़ रही। तिरंगा यात्रा में यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक अधिकारी, टीचिंग स्टाफ, नॉन टीचिंग स्टॉफ के संग-संग कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स, नर्सिंग कॉलेज, डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथैरेपी, कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस के जोशीले छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## एक नजर

### एसएम डिग्री कॉलेज में मनाया गया विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस



**चन्दौसी।** नगर के एस.एम. डिग्री कॉलेज में गुरुवार को 'विभाजन विभीषिका स्मृति' दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. हेमंत कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर (डॉ.) जितेंद्र कुमार ने कहा कि विभाजन विभीषण स्मृति दिवस एक राष्ट्रीय समिति दिवस है। यह दिवस 1947 के भारत विभाजन के दौरान अनेक भारतीयों के कष्टों की याद दिलाता है, उन्होंने कहा कि देश का विभाजन एक बार तो हो गया फिर से विभाजन नहीं होना चाहिए, इसके लिए हमें एकजुट रहना चाहिए। डॉ. हेमंत कुमार ने कहा कि विभाजन हमेशा पीड़ादायक होता है। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने का उद्देश्य भारतीयों को सामाजिक विभाजन और वैमनस्य को दूर करने और एकता, सामाजिक सद्भाव को और मजबूत करने की आवश्यकता की याद दिलाना है। इस अवसर पर डॉ. एन.के. शर्मा, डॉ. महेंद्र वर्मा, अमरजीत मौर्य आदि मौजूद रहे।

### गणेशपुर के श्रीमनोकामना मंदिर में 15 से 18 अगस्त तक होगा भव्य मेले का आयोजन

**चन्दौसी।** तहसील क्षेत्र के गांव गणेशपुर स्थित श्रीमनोकामना मंदिर परिसर में इस वर्ष भी भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति के अनुसार यह मेला 15 अगस्त 2025 से 18 अगस्त 2025 तक आयोजित होगा। मेले के दौरान श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समिति की ओर से बताया गया कि मेले में आने वाले भक्तों के लिए सुविधाओं की विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर के पुजारी पंडित कृपाशंकर ने बताया कि मेले का उद्देश्य केवल धार्मिक आस्था को बढ़ावा देना ही नहीं है, बल्कि श्रद्धालुओं को एक साथ जोड़कर सामाजिक एकता का संदेश देना भी है। मेले की तैयारियां जोरों पर हैं और स्थानीय प्रशासन भी सुरक्षा एवं व्यवस्था के दृष्टिकोण से सक्रिय है।

# टिमिट में हुआ स्वतंत्रता उत्सव का भव्य आयोजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में आजादी की भावना और देशभक्ति के उत्साह को समर्पित "स्वतंत्रता उत्सव 2025" का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष का थीम था - सेलीब्रेटिंग द स्प्रिट ऑफ फ्रीडम कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रीय एकता, स्वतंत्रता संग्राम के महत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सेमिनार हॉल, टिमिट में हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण, नृत्य, कविता, नाट्य प्रस्तुति और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस की भावना को जीवंत कर दिया। पूरे हॉल में तिरंगे के रंग और देशभक्ति के गीतों की गूंज ने एक अद्भुत माहौल बना दिया। इस कार्यक्रम के फैकल्टी कोऑर्डिनेटर्स ने कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर्स ने अपनी सक्रिय भागीदारी से आयोजन को सफल बनाया। प्रोफेसर विपिन जैन, डीन, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट, ने अपने में कहा कि स्वतंत्रता उत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि यह हमारे गौरवशाली इतिहास और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को स्मरण करने का एक माध्यम है। ऐसे कार्यक्रम युवाओं में नेतृत्व, एकता और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रबल करते हैं। मैं सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और संकाय सदस्यों को इस प्रेरणादायक आयोजन के लिए बधाई देता हूँ और आशा करता हूं कि हमारे विद्यार्थी इसी प्रकार देश की प्रगति में योगदान देते रहेंगे।

# स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा वितरण देशी वस्तुओं के उपयोग का आह्वान



**चन्दौसी।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जगह-जगह तिरंगा यात्रा और तिरंगा वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकर्ताओं ने शहर की गलियों में पहुंचकर तिरंगा झंडा वितरित किया और हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने इस मौके पर कहा कि इस 15 अगस्त को सभी व्यापारियों को यह शपथ लेनी चाहिए कि वे केवल देश में बनी वस्तुओं को ही बेचेंगे और खरीदेंगे। उन्होंने कहा कि विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करके ही हम अपने देश के व्यापारियों का हाथ मजबूत कर सकते हैं और जब व्यापारी मजबूत होगा तभी देश भी मजबूत होगा। अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि जैसे सीमा पर जवान देश की रक्षा करते हैं, उसी प्रकार आर्थिक मोर्चे पर व्यापारी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर डॉ. प्रतिपाल मोर्य, रितिक वार्ष्णेय, लक्ष्मी शर्मा, वीरपाल राणा, भाजपा नेता शुभम अग्रवाल, सलीम आदि मौजूद रहे।


## बेदखली सूचना

मैने अपने बड़े पुत्र मौ. वसीम को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मौ. वसीम के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**मौ. अतीक पुत्र मौहम्मद रफीक निवासी दीवान खाना किसरौल तहसील व जिला मुरादाबाद।**

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र मौ. यासीन को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मौ. यासीन के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**रहीस अहमद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी मकान नंबर 171 ग्राम खरगपुर जगतपुर पोस्ट सरकड़ा खास, जिला मुरादाबाद।**


## राधा कृष्ण के मन मोहक छवि में सजे स्कूली बच्चे

**बिलारी।** स्टेशन रोड स्थित एसएमएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व मनाया गया। इस मौके पर पर स्कूली बच्चे राधा कृष्ण की वेशभूषा में सजे। इस बीच अनेकों भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं को भी प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी भी ली। इस बीच प्रधानाचार्य सुहासिनी सिंह ने बच्चों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व का महत्व बताया। प्रबंधक गोपाल कृष्ण भारद्वाज, निदेशक भारद्वाज ने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया। उप प्रधानाचार्य रामचरन शर्मा ने राधा कृष्ण को मिष्ठान खिलाकर उन्हें नमन किया।

# श्रीदेवीगंगा मंदिर में महाप्रभु गणेशजी का शाही स्नान, भक्तों ने की मंगलकामना

**चन्दौसी।** नगर के श्रीदेवीगंगा मंदिर में गुरुवार को धार्मिक उल्लास और आस्था से ओतप्रोत वातावरण के बीच भगवान महाप्रभु गणेशजी का शाही स्नान आयोजित किया गया। प्रातः से ही भक्तों की भीड़ मंदिर परिसर में जुटनी शुरू हो गई थी। वैदिक मंत्रोच्चार और परंपरागत विधि-विधान के साथ महाप्रभु गणेशजी का शाही स्नान कराया गया। शाही स्नान के उपरांत महाप्रभु का विशेष श्रृंगार किया गया। धूप, दीप और पुष्पों से सजी आरती उतारी गई तो वातावरण गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने महाप्रभु का पूजन-अर्चन कर उन्हें विभिन्न प्रकार के व्यंजन का भोग अर्पित किया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया, जिसे पाकर भक्तों ने अपने को धन्य महसूस किया। मंदिर परिसर में भक्तों का आना-जाना पूरे दिन बना रहा। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर इस अनुष्ठान में सहभागी बने। इस अवसर पर धार्मिक आयोजनों का महत्व बताते हुए श्रद्धालुओं ने कहा कि गणेशजी विघ्नहर्ता और मंगलकर्ता हैं, उनकी पूजा से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और सुख-समृद्धि का आगमन होता है। इस अवसर पर राहुल चौधरी, प्रतिभा चौधरी, अमित चौधरी, सुधांशु चौधरी, यश चौधरी, यथार्थ चौधरी, सिद्धार्थ चौधरी, नैतिक चौधरी आदि मौजूद रहे।







सभी देश वासियों एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मा. योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री उ०प्र०



**मनीष ठाकुर**

ब्लाक प्रमुख, मुरादाबाद, मो. 9548684368


# स्वतंत्रता दिवस पर रंग-बिरंगी रोशनी से सजा नगर पालिका कार्यालय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** पूरा देश आज स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। सभी सरकारी-गैर सरकारी प्रतिष्ठानों पर ध्वजारोहण किया जायेगा। इसी क्रम में नगरपालिका अस्थायी कार्यालय जो कि गांधी पार्क स्थित है, को विशेष रूप से रंग-बिरंगी झालरों, रोशनी और सजावट से दुल्हन की तरह सजा दिया गया है। नगरपालिका अधिशासी अधिकारी धर्मराज राय के अनुसार, स्वतंत्रता दिवस पर कार्यालय को आकर्षक रूप से सजाने के लिए रंगोली बनाई गई है, जगह-जगह रंग-बिरंगी झालरें और गुब्बारे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का उत्सव हर नागरिक के लिए गर्व और उमंग का अवसर है। उन्होंने कहा कि ध्वजारोहण कार्यक्रम को गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।


## खोया-पाया सूचना

मैं, उज्जवल शर्मा पुत्र स्व० श्री ओम प्रकाश शर्मा निवासी एल० आई० जी० मकान नं० 2/475, बुद्धि बिहार मुरादाबाद का स्वामी बैनामे रजिस्टर्ड दिनांक 18-08-2008 क्रम संख्या 9920 उपनिबन्धक प्रथम मुरादाबाद से हूँ। उक्त सम्पत्ति भारतीय स्टेट बैंक, होम लोन सेन्टर मुरादाबाद में बंधक चल रही है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित पूर्व दो असल बैनामे 1-बैनामा रजिस्टर्ड दिनांक 26-04-2002 क्रम संख्या 4349 उपनिबन्धक द्वितीय मुरादाबाद, 2 बैनामा रजिस्टर्ड दिनांक 19.04.2002 क्रम संख्या 4091 उपनिबन्धक द्वितीय मुरादाबाद व सम्बन्धित आवंटन पत्र व कब्जा भी कहीं खो गये हैं, मिल नहीं पा रहा है, यदि किसी व्यक्ति को उक्त वर्णित असल बैनामों आदि के बारे जानकारी मिलती है तो इस नम्बर पर सूचित करें।

मोबाईल नं0 9456011739



समस्त देशवासियों को

स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद



**मौहम्मद नवेद एडवोकेट**

प्रान्तीय उपाध्यक्ष, इंसाफ मोर्चा उत्तर प्रदेश

ऑनर ताज मैरिज हॉल हुसैनपुर-ढाकी अड्डा जनपद-बिजनौर



**+ भव्या हॉस्पिटल +**

**डा0 विराग श्रीवास्तव**
M.B.B.S., M.S. (Ophth.) नेत्र सर्जन व फेको विशेषज्ञ
समय: प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक सांय: 6 बजे से 7.30 बजे तक

की ओर से सभी देशवासियों को स्वतंत्रता की हार्दिक शुभकामनाएं

**डा0 ज्योत्सना श्रीवास्तव**
M.B.B.S., M.S.
स्त्री प्रसूति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
समय : प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक

दयानन्द डिग्री कालेज, मेन गेट के सामने, स्टेट बैंक मेन ब्रान्च तिराहा, सिविल लाइन्स, मुरादाबाद, फोन: 0591-2410360, 2410361, 8954621774



सभी देश वासियों एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मा. योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री उ०प्र०



**विनोद अग्रवाल**

महापौर, मुरादाबाद, मो. 9548684368

# भेष बदलकर गांव में चश्मे ताबीज बेचने वाला युवती को लेकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** चबुलेट मोटर साइकिल पर सवार होकर गांव में चश्मे, ताबीज आदि बेचने वाला बहरूपिया युवक विधवा की बेटी को प्रेम जाल में फंसाकर रफूचक्कर हो गया। पुलिस ने विधवा की तहरीर पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

इलाके के एक गांव में विधवा अपनी जवान बेटी एवं छोटे बच्चों के साथ रहती है। गांव में बुलेट मोटर से एक युवक कभी सरदार की पगड़ी बांधकर, टोपी पहन एवं दाढ़ी-मूंछ लगाकर चश्मे, ताबीज आदि सामान बेचने के लिए आता था। विधवा ने बताया कि युवक सप्ताह में दो बार गांव में आता था। इस दौरान युवक ने कब बेटी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया पता ही नही चला। एक सप्ताह पूर्व युवक गांव में आया और चुपचाप बेटी को बहला फुसलाकर मोटर साइकिल पर बैठा कर ले गया। एक सप्ताह तक बेटी और उसके प्रेमी युवक का पता लगाने का प्रयास किया। दोनों का कहीं पता नहीं चला। हार थक कर विधवा ने थाना प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक से आपबीती सुनाई। इस पर पुलिस ने विधवा की तहरीर पर बुलेट मोटरसाइकिल से गांव में आकर चश्मे ताबीज आदि सामान बेचने वाले अज्ञात युवक के खिलाफ युवती को प्रेम प्रसंग में फंसाकर भगा ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विवेचक बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर से प्रेमी युगल तक पहुंचने के साथ ही आस-पास में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रहे हैध्। ताकि बाइक पर सवार युवक की पहचान और लोकेशन का पता लगाकर युवती को बरामद किया जा सके।

## 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देश भक्ति गायन एवं झंडा कलाकृति का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व संध्या पर आयोजित प्रतियोगिता देश भक्ति गायन एवं झंडा कलाकृति में सभी महिला सदस्यों ने भाग लिया एवं अपनी प्रतिभा कला द्वारा सबका मन मोह लिया। प्राचीन समय से बॉलीवुड जगत में चले आ रहे लता मंगेशकर के देश भक्ति गीतों को प्रस्तुत किया प्रियंका अवस्थी चांदनी छाबड़ा साध्वी गुप्ता नेहा मेहरोत्रा रिदम ने गीत प्रस्तुत किए जिस से देश भक्ति मोहाल में सब लिप्त हो उठे। कला कृति झंडा बनने में प्रीति शर्मा पलक रस्तोगी अव्वल रही अध्यक्षा नेहा मेहरोत्रा ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की गर्व के साथ सहभागिता की।

आयोजन में देशभक्ति के रंग बिखेरती विभिन्न वेश भूषा में आए सदस्यों ने लोगों का मन मोह लिया, और पूरा वातावरण भारत माता की जय के जयघोष से गूंज उठा।आइए, हम सब मिलकर अपने घर-घर पर तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस की इस गरिमा को और ऊँचाई दें। मुख्य रूप से पूजा स्नेहा राखी ऋतु मनीषा मिनी रिदम संजना नेहा दीपा रीना शालू प्रियंका पूनम आदि मौजूद रहीं।

# सपा विधायक ने विधानसभा में उठाएं जनहित के मुद्दे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** विधानसभा में मानसूत्र सत्र के दौरान सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने जनहित के कई मुद्दे उठाए। सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने विधानसभा क्षेत्र बिलारी के 22 जर्जर प्राइमरी और जूनियर हाई स्कूल के भवनों की अतिशीघ्र नीलामी कराते हुए तत्काल ध्वस्तीकरण करते हुए उनके स्थान पर नवीन भवनों का निर्माण कराया जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी के अधीन 48 स्वास्थ्य उपकेंद्र में से 11 उपकेंद्रों के जर्जर भवनों का जीर्णोद्धार कराने, 18 उपकेंद्रों पर एएनएम की तैनाती कराने, 10 भवन विहीन स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर भवन बनाए जाने, 172 भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन बनाए जाने , बिलारी नगर पालिका में स्वीकृत 67 आंगनवाड़ी केंद्रों को शीघ्र संचालित किए जाने, ग्राम पीपली में गन्ना शोध संस्थान के निर्माणाधीन भवन के शीघ्र बनाए जाने , बिलारी में उप संभागीय कृषि प्रसार कार्यालय में एसडीओ के पद समेत अन्य जरूरी पदों पर तैनाती किए जाने, सरकारी शिक्षकों को मानव संपदा पोर्टल पर चयन वेतनमान को लेकर आ रही दिक्कतों को अतिशीघ्र दूर किए जाने, तहसील बिलारी एवं जिला मुख्यालय मुरादाबाद समेत पूरे उत्तर प्रदेश भर के न्यायालय परिसरों में अधिवक्ताओं को चौंबर बनाने हेतु भूमि की उपलब्धता कराने, बिलारी में सूत डिपो की स्थापना किए जाने समेत कई मुद्दे विधानसभा में उठाए।

## एक नजर

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर इस्कॉन मंदिर पर बैठक का आयोजन



**मुरादाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय श्री कृष्णा भावनामृत संघ इस्कॉन मुरादाबाद द्वारा दिनांक 16 अगस्त दिन शनिवार को होने वाली श्री कृष्ण जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर आज इस्कॉन मंदिर पर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें केंद्र प्रबंधक उज्जवल सुंदर दास ने मीडिया को बताते हुए कहा है गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जन्मोत्सव की शुरुआत प्रात: आशियाना केंद्र पर यज्ञ से किया जाएगा उसके बाद शाम से व्हाइट हाउस की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं इस वर्ष महोत्सव बुद्धि विहार व्हाइट हाउस पर किया जा रहा है जिसमें पूरे मुरादाबाद के भक्तगढ़ भगवान को दिव्य पेय पदार्थ से अभिषेक करेंगे और सभी भक्तों को विशेष व्रत प्रसादम पाने का का मौका मिलेगा इसके साथ- साथ सभी भक्तों के लिए वृंदावन से आ रही रॉक बैंड टीम हरि नाम संकीर्तन , आतिशबाजी और झांकी रहेगी कार्यक्रम में प्रमुख भक्तों में शरण प्रिय दास, सचि नंदन दास, महामुनि दास, राधिका माधव दास, साक्षी गौरांग दास, अचिंत्य कृष्ण दास, मोहित अग्रवाल आदि भक्त रहे उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी राधा कांत गिरधारी ने दी।

## एनएसएस इकाई ने तिरंगा यात्रा निकाली



**मुरादाबाद।** हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज मे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य नोमान जलील एवं कार्यक्रम अधिकारी मुशाहिद हुसैन ने छात्रों के साथ साथ कॉलेज स्टॉफ को भी अपने घर पर तिरंगा लगाने की सलाह दी। तदोपरान्त एक रैली का आयोजन किया गया रैली मे छात्रों ने देशभक्ति के नारे लगाये। रैली मे प्रधानाचार्य नोमान जलील, कार्यक्रम अधिकारी मुशाहिद हुसैन स्काउट प्रभारी अथर खान, सलमान जलील, रियाजूल इस्लाम एवं उत्तर प्रदेश पुलिस मे उप निरीक्षक सुशील चौधरी, प्रेम पाल, शधर्मपाल एवं श्री नीरज मौजूद रहे।

# आईएफटीएम द्वारा गोद लिए गए गांव में 'अंगदान के महत्व' पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के रोटरेक्ट क्लब तथा रोटरी क्लब ऑफ मुरादाबाद मिडटाउन के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविधालय द्वारा गोद लिए गए ग्राम गिन्दौड़ा के प्राथमिक विद्यालय मे 'ऑर्गन डोनेशन वॉकथॉन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंगदान महादान होता है तथा इससे कई लोगों को जीवनदान मिल सकता है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे इस सामाजिक आंदोलन का हिस्सा बनें और अपने परिवार एवं समाज में भी अंगदान का संदेश फैलाएं। साथ ही उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि आईएफटीएम विश्वविद्यालय हमेशा से सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्ध रहा है और भविष्य में भी इस प्रकार के कई जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित कराए जाते रहेंगे। इस वॉकथॉन कार्यक्रम के दौरान लोगों को यह बताया गया कि एक दाता अपने अंगों से कई जरूरतमंद व्यक्तियों को नया जीवन दे सकता है।

इस मौके पर विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के समन्वयक डॉ. बी.के. सिंह ने कहा कि अंगदान एक महान सामाजिक कार्य है जो मानवता की सेवा का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत करता है। डॉ. सिंह ने कहा कि समाज में अंगदान के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने और लोगों को इस महान कार्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस प्रकार के कार्यक्रम रैलियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश पहुँचाने में अत्यंत प्रभावी साबित होते हैं। हमें ऐसे कार्यक्रमों में निरंतर भाग लेकर समाज के हर वर्ग तक अंगदान के महत्व को पहुँचाना चाहिए।

उन्होंने यह भी बताया कि बताया कि प्रतिभागियों ने हाथों में अंगदान के प्रतीक-चिन्ह के माध्यम से ग्रामवासियों को 'अंगदान जीवनदान' का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, रोटेरियन श्री एम. कुमार, रोटेक्टर मिस्टर आर्यंस, विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजक डॉ. अशोक कुमार एवं आयोजन सचिव श्रीमती रुचि चौधरी समेत डॉ. पूजा नारंग, श्री विपिन कुमार सिंह, श्री जुगपाल सिंह एवं लक्ष्य सिंह आदि फैकल्टी मैम्बर्स का विशेष योगदान रहा। इस दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 75 से अधिक छात्र-छात्राओ के साथ ही कई अन्य शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



## सड़कों पर उतरा जन सैलाब आज दूसरे दिन तिरंगा यात्रा में हजारों लोग शामिल



**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अंतर्गत आयोजित तिरंगा यात्रा का मंडल बिलारी के शक्ति केंद्र रुस्तम नगर सहसपुर में नारायण फार्म हाउस से शुभारंभ हुआ जो हाईवे से होती हुई बिलारी के उपनगर सहसपुर की गलियों में बड़े उत्साह के साथ निकाली गई यहां उत्साह से भरपूर युवाओं ने भारत माता की जय के नारों से शहर को गुंजा दिया। आज की तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से नगर पालिका के अध्यक्ष रघुराज यादव भाजपा के पूर्व प्रत्याशी सुरेश सैनी धर्मेंद्र गांधी विकास गुप्ता पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष आनंदी प्रजापति सुनील बाल्मीकि अभिषेक राठौर अंकुर भटनागर संजू शर्मा विजय सिंह दयाराम मौर्य अमित पाल मंगल सिंह सैनी मनोज ठाकुर मनोज प्रजापति दिनेश यादव विशाल प्रजापति रजनीश गर्ग अमिताभ सागर जुबेर हेमंत शर्मा राजीव सैनी आदि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कॉलेज की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राचार्य को सौपा ज्ञापन



**मुरादाबाद।** केजीके डिग्री कॉलेज में कॉलेज प्रबंधन की अव्यवस्थाओं और कॉलेज की विभिन्न समस्याओं के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से प्रदर्शन किया गया। समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रभारी प्राचार्य डॉ. जीसी पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा।परिषद के महानगर मंत्री गौरव क्षत्रीय ने बताया कि महाविद्यालय मे भौतिकी, कैमिस्ट्री विभाग काफी जर्जर है,शौचालयों की स्थिति बहुत खराब है और वहां पर्याप्त सफाई नहीं है, जिससे छात्रों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। इसके अलावा, महाविद्यालय में लगे वाटर कूलर तो है लेकिन उसमे आरो द्वारा स्वच्छ पानी नही निकलता है। परिषद ने विद्यार्थी हेल्प डेस्क स्थापित करने की भी मांग की है, जिससे छात्रों को किसी भी प्रकार की सूचना या जानकारी के लिए परेशान न होना पड़े।कॉलेज की ऑफिसियल साइट पर छात्रों को शैक्षिक सूचना नही प्राप्त होती है।महानगर सहमंत्री छविनाथ अरोरा ने बताया की गत 4 वर्षो से कॉलेज का पुस्तकालय भवन काफी जर्जर है जो कभी भी गिर सकता है छात्राओं के लिए पर्याप्त शौचालय नही व महिला शिक्षिकाओ के लिए भी शौचालय के लिए कोई विशेष सुविधा नही है इन सभी समस्याओ के जल्द समाधान कराने के लिए कॉलेज प्रशासन से परिषद ने मांग की, जल्द समाधान नही हुआ तो परिषद ने आंदोलन की चेतावनी दी है।ज्ञापन मे वरिष्ठ छात्र नेता कुशल शर्मा, प्रसून माथुर,राजा शर्मा, नैतिक गुप्ता,आयुष चौधरी, ऋषभ गौतम, शिवा चहल, रोहन रस्तोगी, यश शर्मा ,आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया अखंड भारत संकल्प दिवस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ओम भवन, गांधीनगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा अखण्ड भारत संकल्प दिवस का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता विभाग संघचालक सुरेंद्रपाल सिंह ने ऐतिहासिक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार रावी नदी के तट पर अखण्ड स्वराज का संकल्प लिया गया था। उन्होंने विभाजन के समय की पीड़ा का स्मरण कराते हुए कहा कि पाकिस्तान से आने वाली रेलगाड़ियों में हिंदुओं का जनसंहार, बलात्कार और प्रताड़ना कर उन्हें भारत भेजा गया, किंतु भारत न कभी झुका है और न कभी झुकेगा। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज ने सदैव कठिन परिस्थितियों में भी मजबूती से खड़े रहकर अपनी पहचान बनाए रखी है। आज विश्वभर में भारत माता की जय का उद्घोष हो रहा है और हिंदू संस्कृति का डंका बज रहा है, जबकि पाकिस्तान अपने ही कर्मों से पतन के कगार पर है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को हमें स्वतंत्रता मिली और वर्षों की परतंत्रता की रात समाप्त हो गयी। किन्तु स्वातंय के आनंद के साथ-साथ मातृभूमि के विभाजन का गहरा घाव भी सहन करना पड़ा। 1947 का विभाजन पहला विभाजन नहीं था, भारत की सीमाओं का संकुचन उसके काफी पहले शुरू हो चुका था। सातवीं से नवीं शताब्दी तक लगभग ढाई सौ साल तक अकेले संघर्ष करके हिन्दू अफगानिस्तान इस्लाम के पेट में समा गया, हिमालय की गोद में बसे नेपाल, भूटान आदि जनपद अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण मुस्लिम परस्ती से बच गये। अपनी सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिये उन्होंने राजनीतिक स्वतंत्रता का मार्ग अपनाया पर अब वह राजनीतिक स्वतंत्रता अपनी मूल संस्कृति पर हावी हो गयी है। श्रीलंका पर पहले पुर्तगाल, फिर हॉलैंड और अन्त में अंग्रेजों ने राज्य किया और उसे भारत से पूरी तरह अलग कर दिया. किन्तु मुख्य प्रश्न तो भारत के सामने है, तेरह सौ वर्ष से भारत की धरती पर जो वैचारिक संघर्ष चल रहा था, उसी की परिणति 1947 के विभाजन में हुई. पाकिस्तानी टेलीविजन पर किसी ने ठीक ही कहा था कि जिस दिन आठवीं शताब्दी में पहले हिन्दू ने इस्लाम को कबूल किया, उसी दिन भारत विभाजन के बीज पड़ गये थे। इस अवसर पर विभाग प्रचार प्रमुख डॉ. पवन कुमार जैन, प्रौढ़ कार्य प्रमुख ओम प्रकाश शास्त्री, विभाग शारीरिक प्रमुख सुभाष चंद्र शर्मा, विश्व हिन्दू परिषद के वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ राजकमल गुप्ता, महानगर अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, मंत्री अनिल कठेरिया, भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख अरुण गौड़, जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह, डॉ. गोविंद नौनियाल, डॉ. विनोद पांडे, राहुल शर्मा, नवदीप टंडन, विवेक गुप्ता, अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह, जोगेंद्र पाल सिंह, डॉ. रामनरेश सिंह, रचित शर्मा, विशाल द्रविड़, नवदीप कुमार, उम्मेद राजपुरोहित, आशाराम पालीवाल सहित अनेक प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सरकारी अस्पताल में भर्ती मरीजों को मुफ्त चढ़ेगा जंबो पैक

**कांठ।** डेंगू से पीड़ित मरीजों को सरकारी अस्पतालों में पहली बार शुरू होने जा रही जंबो पैक चढ़ाने की सुविधा को लेकर शासन की तरफ से गाइड लाइन जारी कर दी गई है।शासन की लिखित गाइड लाइन जिला अस्पताल प्रशासन को प्राप्त हुई, जिसमें साफ कर दिया गया कि अस्पताल के जनरल वार्ड में भर्ती होने वाले डेंगू के मरीज को जंबो पैक से प्लेटलेट्स चढ़ाने की सुविधा मुफ्त दी जाएगी, जबकि प्राइवेट वार्ड में भर्ती मरीजों को जंबो पैक से प्लेटलेट्स चढ़ाने के लिए साढ़े नौ हजार रुपये की फीस चुकानी होगी।मंडलीय जिला अस्पताल की प्रमुख चिकित्साधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि जंबो पैक के माध्यम से प्लेटलेट्स चढ़ाने के लिए साढ़े नौ हजार रुपये का शुल्क उन सभी मरीजों को भी चुकाना होगा। जंबो पैक के माध्यम से प्लेटलेट्स चढ़ाने की सुविधा प्राप्त करने के लिए जिला अस्पताल पहुंचेंगे। मंडलीय जिला अस्पताल में अब एफ्रेसिस यूनिट के माध्यम से जंबो पैक से प्लेटलेट्स चढ़ाने की सुविधा शुरू होने जा रही है।

# आईएफटीएम में 'नवाचार तथा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम इनेबलर्स' शीर्षक पर हुआ पैनल परिचर्चा का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) और ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में ''नवाचार तथा स्टार्टअप इकोसिस्टम इनेबलर्स'' शीर्षक के तहत एक प्रेरणादायक पैनल परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्टार्ट-अप जैसे मुद्दों पर आयोजित इस परिचर्चा से अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे तथा नए उद्यमियों के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के तरीकों की जानकारी प्राप्त होगी। पैनल में प्रतिष्ठित विशेषज्ञों में एग्रीकल्चर स्कूल ऑन व्हील्स की शुरुआत करने और बेस्ट नोडल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट पुरस्कार प्राप्त करने वाले जुबलियंट एग्रीकल्चरल रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी के संस्थापक और सीईओ डॉ. दीपक मेंदीरत्ता, कमला पंचम फाउंडेशन के संस्थापक और के इंटरनेशनल के एमडी व मोटिवेशनल स्पीकर श्री कुलदीप सिंह तथा आईएफटीएम विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा परिचर्चा के मुख्य सदस्य रहे। डॉ. मेंदीरत्ता ने बताया कि नवाचार और उद्यमिता की भूमिका को समझना बेहद आवश्यक है, क्योंकि यह एक मजबूत स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को आकार देती है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके अलावा युवाओं को क्षेत्रीय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर स्टार्ट-अप विकास को बढ़ावा देने वाले सूचनातंत्रों की जानकारी देना भी जरूरी है। श्री कुलदीप सिंह ने उभरते उद्यमियों को व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। चर्चा के दौरान विचार सृजन और 'इन्क्यूबेशन स्टार्ट-अप में चुनौतियां और अवसर' तथा 'इनेबलर्स की नवाचार समर्थन' में भूमिका जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी प्रकाश डाला गया। इस मौके पर आईआईसी के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि यह परिचर्चा उभरते उद्यमियों को नवाचार और स्टार्ट-अप के क्षेत्र में प्रेरित करने तथा क्षेत्रीय राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध सहयोगी तंत्रों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में स्टार्टअप की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन सफलता हासिल करने के लिए एकाग्रता और जिज्ञासु बनने की आवश्यकता है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक श्री के.के. बंसल ने बताया कि यह परिचर्चा विद्यार्थियों के लिए बेहद लाभदायक रही। श्री बंसल ने अपने सपनों को साकार करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया और सभी अतिथियों को बुके और प्रतीक-चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रतिभागी विद्यार्थियों द्वारा जिज्ञासावश पूछी गई शंकाओं के भी विशेषज्ञों ने संतोषजनक उत्तर दिए। अंत में आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए यह भी कहा कि यह आयोजन उच्च शिक्षा और उद्यमिता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल और आईआईसी के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को उनके स्टार्ट-अप सम्बन्धित सपनों को साकार करने की दिशा में प्रेरित करने में पूर्णत: सफल रहा। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 113 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।






# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई



यौमे आजादी की सभी को दिल की गहराईयों से मुबारकबाद

## गुल अहमद

राजकीय ठेकेदार व वरिष्ठ समाजसेवी, जनपद बिजनौर





यौमे आजादी की सभी को

**मुबारकबाद**



**महमूद कस्सार**

जिला अध्यक्ष

समाजवादी अल्पसंख्यक सभा

जनपद-बिजनौर




संस्थान - मुस्लिम फण्ड बसी किरतपुर

## अब्दुल समी मैमोरियल लॉ कॉलेज

किरतपुर (बिजनौर)

B.A., LL.B. (5 YEARS) और LL.B.(3YEARS) में प्रवेश हेतु महाविद्यालय में सम्पर्क करें।

**संकाय में योग्य, अपने विषय के विशेषज्ञ और दीर्घकालीन अनुभव प्राप्त शिक्षकों की सेवाएं उपलब्ध है। महाविद्यालय में निम्न सुविधाएं उपलब्ध है।**

1. लॉ के लिए आकर्षक आधुनिक सुविधायुक्त शानदार भवन।
2. पुस्तकालय:- विभिन्न विषयों पर पुस्तकें उपलब्ध है, साथ ही हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी के समाचार पत्रों की व्यवस्था है।
3. खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा की सुविधाएं उपलब्ध है।
4. कैरियर काउंसलिंग के तहत छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी दी जाती है।
5. पात्र छात्रों को छात्रवृत्ति की भरपूर सुविधा उपलब्ध है।
6. महाविद्यालय में कैन्टीन की सुविधा उपलब्ध है।

## मौलाना मौहम्मद अली जौहर हॉयर एजुकेशन इंस्टीट्यूट

किरतपुर (बिजनौर)

*मुस्लिम फण्ड बसी किरतपुर के तहत जारी क्षेत्र का प्रसिद्ध और लोकप्रिय बुलन्दियों को छूता उच्च शिक्षण संस्थान मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इस्टटि्यूट किरतपुर विभिन्न कोर्सेज़ ऑफर करने में प्रसन्नता और गर्व महसूस करता है।*

| | |
|---|---|
| 1. B.A. | हिन्दी साहित्य, अंगेजी साहित्य उर्दू, समाज शास्त्र, अर्थशास्त्र राजनीति शास्त्र और गृह विज्ञान। |
| 2. B.Com. | सभी अनिवार्य विषय। |
| 3. B.Sc. | (Z.B.C.), (P.C.M.) & (C.S.) |
| 4. M.A. | Urdu, English, Sociology Home Science, Economics |
| 5. M.Com. | सभी अनिवार्य विषय। |
| 6. M.Sc. | Chemistry |

**कॉलेज में निम्न सुविधाएं उपलब्ध है:**

1. सभी संकायों में योग्य, अपने विषय के विशेषज्ञ और दीर्घ कालीन अनुभव प्राप्त शिक्षकों की सेवाएं उपलब्ध है।
2. भवन : अत्यंत शानदार आकर्षक और विशाल इमारत।
3. सुसज्जित गृह विज्ञान प्रयोगशाला।
4. पुस्तकालय : विभिन्न विषयों पर पुस्तकें उपलब्ध है।
5. साथ ही हिन्दी, उर्दू, अंग्रेज़ी के समाचार-पत्रों की व्यवस्था।
6. कैरियर काउन्सलिंग के तहत छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी दी जाती है।
7. पात्र छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति की भरपूर सुविधा उपलब्ध है।
8. कैन्टीन की सुविधा उपलब्ध है।

**यौमे आज़ादी की दिली मुबारकबाद** // **B.Ed. & D.El. Ed (BTC)**

**सम्पर्क सूत्र :-7088640006, 8923157406, 01341-297777**






























-: प्रस्तुति :-
मौ. जान तुर्की
मुरादाबाद
सतीश चौधरी
ठाकुरद्वारा

शाह टाइम्स परिवार की ओर से सुधि पाठकों एवं विज्ञापन दाताओं का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद



























स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर इण्डेन गैस के समस्त उपभोक्ताओं को



हार्दिक शुभकामनाएं

प्रो. ममता कौशिक
इण्डेन गैस एजेंसी
अफजलगढ़



अखिलेश कुमार कौशिक (बाबू भाई)

सुबोध कुमार शर्मा

कार्यालय- इण्डेन गैस एजेंसी, कालागढ़ मार्ग, अफजलगढ़

# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरी पुत्री सरिता मेरे कहने सुनने में नहीं है। उसने अपनी मर्जी से विवाह कर लिया है। मैंने खूब सोच समझ कर बिना किसी बहकाये-सिखाये स्वेच्छा से अपनी पुत्री सरिता को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उससे अपने सभी संबंधों को समाप्त कर लिया है। अब सरिता के द्वारा किए गए किसी भी लेन-देन या किसी भी कृत्य के लिए मैं या मेरे परिवार का कोई भी सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा, वह स्वयं ही जिम्मेदार होगी।

**-नेतराम पुत्र बुद्ध सिंह निवासी ग्राम मेवला माफी, पो. महमूदपुर, थाना स्योहारा, जिला बिजनौर।**



स्वतंत्रता दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई

बरकत अब्बासी
पूर्व सभासद एवं
नगर अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
शेरकोट



स्वतंत्रता दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



मौहम्मद सलमान अंसारी
समाजसेवी/राशन डीलर
नगर पंचायत फजलाबाद परमानन्दपुर
उर्फ मानियावाला, ब्लॉक-अफजलगढ़

स्वतंत्रता दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



मुकीब खान सूरी
सभासद वार्ड नम्बर 17
नगर पालिका परिषद अफजलगढ़ (बिजनौर)

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर समस्त देशवासियों को

हार्दिक शुभकामनाएं

BHARAT FIRE WORKS (रजि.)
NARAYANWALA ROAD
SEERVASUCHAND (BIJNOR)



प्रो. गुलजार अहमद

देश व प्रदेश के विकास में सहयोग करें व भाईचारा कायम रखें।

स्वतंत्रता दिवस के पुरखुलूस मौके पर समस्त देश व ग्रामवासियों को

दिली मुबारकबाद

मौहम्मद उस्मान सैफी उर्फ कलवा सैफी
ग्राम प्रधान पद हेतु भावी प्रत्याशी
ग्राम पंचायत : फज़लाबाद परमानन्दपुर उर्फ
मानियावाला, ब्लॉक अफजलगढ़, बिजनौर



कमीशनखोरी पर प्रतिबंध लगेगा-विकास व भाईचारे का वादा

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर समस्त देश व ग्रामवासियों को

हार्दिक शुभकामनाएं

शाहीन परवीन पत्नी तसव्वर कुरैशी
ग्राम पंचायत फजलाबाद परमानन्दपुर उर्फ
मानियावाला, ब्लॉक अफजलगढ़ (बिजनौर)



ग्राम पंचायत मानियावाला को साफ व सुन्दर बनाने में सहयोग करें।

स्वतंत्रता दिवस की सभी को
बधाई



शेख सलीम चांदी
समाजसेवी एवं राशन डीलर, शेरकोट



स्वतंत्रता दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई

जिया अहमद
उर्फ सेठू
वरिष्ठ सपा
नेता, शेरकोट





स्वतंत्रता दिवस की नागरिकों को
हार्दिक शुभकामनाएं







प्रभात शर्मा | मुकेश चन्द रूहेला | धर्मवीर चौहान | अनामिका जैन

अंकुर जैन
मण्डल महामंत्री एवं नामित
सदस्य-नगर पालिका, शेरकोट



स्वतंत्रता दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई



अंसार अहमद | मनोज शर्मा | मौ. आसिफ

निवेदक:- पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष अंसार अहमद, महासचिव मनोज शर्मा, कोषाध्यक्ष मौहम्मद आसिफ, शेरकोट

स्वतंत्रता दिवस की सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं

दक्ष आदर्श वैदिक इन्टर कॉलेज, शेरकोट

पुष्पेन्द्र कुमार
प्रबंधक

विनित त्यागी
प्रधानाचार्य

स्वतंत्रता दिवस की सभी को बधाई



आकिब सिद्दीकी | मरहूम शहाबुद्दीन

आकिब सिद्दीकी
सभासद वार्ड नं. 19
मौहल्ला मनिहारान, शेरकोट

स्वतंत्रता दिवस की सभी को
बधाई



जावेद अहमद अल्वी
सभासद वार्ड नं. 11
मौहल्ला तराई, शेरकोट




स्वतंत्रता दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई

नितिन सैनी
भाजपा नेता
मौहल्ला नौधना
शेरकोट



स्वतंत्रता दिवस की सभी को
बधाई



नसरूद्दीन अंसारी
राशन डीलर
मौहल्ला मनिहारान, शेरकोट

स्वतंत्रता दिवस की सभी को
बधाई



काजी शमीमुल हसन
वरिष्ठ समाजसेवी, शेरकोट

स्वतंत्रता दिवस की सभी को
बधाई



अजीम कुरैशी
सभासद देवर वार्ड नं. 18
मौहल्ला खुराड़ा, शेरकोट











































प्रस्तुतिः- ओमवीर सिंह तहसील प्रभारी, कांठ तनवीर आलम, उमरीकला, कुलदीप सिंह छजलैट, परवेज आलम अगवानपुर













